प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

गुरूवार 20 फरवरी 2025

● वर्ष 03 ● अंक 186

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्र. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88







## फर्स्ट टेक

### असम में 1.66 लाख अवैध विदेशियों का पता चला

**गुवाहाटी/भाषा।** असम समझौते के मानदंडों के अनुसार करीब 1.66 लाख लोगों की पहचान ''अवैध'' प्रवासियों के रूप में की गई है और उनमें से करीब 30,100 को राज्य से निर्वासित किया गया है। यह जानकारी बुधवार को राज्य विधानसभा को दी गई। कांग्रेस विधायक अब्दुर रहीम अहमद के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में असम समझौते के कार्यान्वयन मंत्री अतुल बोरा ने कहा कि पिछले साल 31 दिसंबर, 2024 तक असम में अवैध रूप से रह रहे कुल 1,65,531 प्रवासियों का पता लगाया गया है। उन्होंने कहा, ''इनमें से 1966 और 1971 के बीच 32,870 विदेशी आए जबकि 1971 के बाद 1,32,661 लोग आए।'' मंत्री ने उनके मूल देश का विवरण साझा किए बिना कहा कि सरकार ने अब तक अवैध रूप से रह रहे 30,115 विदेशियों को असम से निर्वासित किया है।

### मणिपुर में पांच उग्रवादी और एक समर्थक गिरफ्तार

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर में पिछले दो दिनों में प्रतिबंधित तीन संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, एक प्रतिबंधित संगठन के एक समर्थक को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों से की गई हैं। प्रतिबंधित संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए)' के सक्रिय सदस्य की पहचान वैखोम इबुंगो मेइती (26) के रूप में हुई है और उसे इंफाल पूर्व के हट्टा गोलापति इलाके से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

महाकुंभ भगदड़ पर योगी ने कहा:

# कोई भी गुनहगार कितना भी बड़ा क्यों न हो, नहीं बचेगा



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया है और वह सदन को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि इसका कोई भी गुनहगार कितना भी बड़ा क्यों न हो, नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महाकुंभ भगदड़ और प्रयागराज यात्रा के दौरान सड़क हादसों में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा,'' महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया है और मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि प्रयागराज भगदड़ का कोई भी गुनहगार कितना भी बड़ा क्यों न हो, नहीं बचेगा।''

योगी ने विपक्षी दलों के सदस्यों के आरोपों पर पलटवार किया और खासतौर से समाजवादी पार्टी (सपा) को निशाना बनाते हुए कहा कि आज के समाजवादियों के बारे में मान्यता है कि जिस थाली में वे खाते हैं, उसी में वे छेद करते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर विपक्ष के आरोपों पर कहा कि विपक्ष निरंतर महाकुंभ के आयोजन को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि यह आयोजन सनातन संस्कृति का गौरव है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा।

### संगम का जल स्नान और आचमन दोनों के योग्य : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि संगम का जल स्नान और आचमन दोनों के योग्य पाया गया है। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए खासतौर से सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में शून्यकाल में समाजवादी पार्टी के सदस्यों की कार्यस्थगन की मांग (नियम-56 के तहत सदन की कार्यवाही रोक कर चर्चा कराने की मांग) के दौरान आरोपों का जवाब देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा,''उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड लगातार जल की गुणवत्ता की निगरानी कर रहा है तथा ताजा रिपोर्ट के अनुसार, संगम का जल स्नान और आचमन दोनों के योग्य पाया गया है।'' योगी ने संगम के जल की सराहना करते हुए 2013 के दौरान गंगा और यमुना की गंदगी का जिक्र किया तथा याद दिलाया कि उस समय स्थिति इतनी खराब थी कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने गंगा में डुबकी लगाने से इनकार कर दिया था।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री



- सरकार बनाने का दावा पेश किया
- दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं गुप्ता आज दोपहर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी।
- छह विधायक भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पार्टी विधायक दल की नेता चुने जाने के बाद उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया।

दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं गुप्ता बृहस्पतिवार दोपहर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ छह विधायक भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

गुप्ता का जन्म हरियाणा में हुआ और वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रही हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक किया है।

विधायक दल की बैठक के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने घोषणा की कि रेखा गुप्ता को सर्वसम्मति से विधायक दल की नेता चुना गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने प्रसाद और राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रवेश वर्मा, विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया। विधायक दल की बैठक में पार्टी के सभी 48 विधायक मौजूद थे।

भाजपा ने अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) के 10 साल के शासन का खात्मा करते हुए दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आठ फरवरी को घोषित होने के 11 दिन बाद यह घोषणा की गई है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी और कमलजीत सेहरावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी और वह कल दोपहर 12 बजे शपथ लेंगी। मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता वर्तमान में भाजपा की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री होंगी। इसके साथ ही, वह सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी।

घोषणा के तुरंत बाद, गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि वह दिल्ली के प्रत्येक नागरिक के कल्याण, सशक्तीकरण और समग्र विकास के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगी।

### दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा में सदन की नेता चुने जाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है और ईमानदारी व समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया है। गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन पर भरोसा जताने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, ''दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपने और मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं शीर्ष नेतृत्व और दिल्ली की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इस विश्वास और समर्थन ने मुझे नई ऊर्जा और प्रेरणा दी है। मैं दिल्ली के प्रत्येक निवासी के कल्याण, सशक्तीकरण और समग्र विकास के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लेती हूं। दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।''

## चैंपियंस ट्रॉफी: पहले ही मैच में हारा पाकिस्तान

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में ही मेजवान पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों 60 रनों की करारी हार झेलनी पड़ी। टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107), ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की पारियों के बाद विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर की शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को उसे 60 रनों से हरा दिया

### आज भारत- बांग्लादेश भिड़ंत

**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच गुरुवार को बांगलादेश के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में टीम इंडिया जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। भारत टूनार्मेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है। गेंदबाजी इकाई चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति टीम को खल रही है।

# महिलाओं के लिए जबरदस्त बिजनेस प्लान लेकर आई हेमंत सरकार, होगी बंपर कमाई!



**सेन्हा (लोहरदगा)।** लोहरदगा जिले में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत अंतर्गत घाटा में किसानों के बीच बकरी वितरण किया गया।झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के नौ किसानों के बीच लाभुक पांच बकरी का वितरण किया गया।सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में एक पशुपालन योजना के तहत सुमंती देवी, सरस्वती देवी, गुड़िया देवी, राजू महली, साबा उरांव, शांति उरांव, शिला उरांव, मोहनी उरांव और मैना देवी के अलावे अन्य किसानों को आय वृद्धि जीविकोपार्जन के लिए बकरी एवं दवा दिया गया।

झालजमीरा के पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि बकरी पालन कर महिलाएं आत्म निर्भर बने। बकरी पालन से अधिक आय होता है।ऐसे में महिला लाभुक मेहनत कर योजना का लाभ उठाएं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी कुमारी, पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

उधर, गुमला में मधुमक्खी पालन से किसानों को मालामाल बनाने की तैयारी चल रही है। विकास भारती बिशुनपुर में आयोजित वैज्ञानिक पद्धति से तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह विकास भारती बिशनपुर के अंबेडकर सभागार में आयोजित किया गया।

सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड रांची के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि यहां की जलवायु मधुमक्खी पालन के लिए उपयुक्त है। मधुमक्खी पालन बहुत ही आसान काम है।

बस तकनीकी बातों को समझाने और व्यवहार में लाने की जरूरत है। गुमला कृषि बहुल जिला है। मधुमक्खी पालन से कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावना बढ़ जाती है। किसानों को मधुमक्खी पर जोर देना चाहिए। इससे लाभ ही लाभ है। बाजार में भी इसकी अच्छी मांग है। मधुमक्खी पालन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वावलंबी बनाना है।

एसबीआई लाइफ की सीएसआर पहल मिशन रोजगार के तहत नव भारत जागृति केंद्र की ओर से संचालित रोजगार प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं और नियोक्ताओं के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशिक्षुओं को नियोक्ताओं की आवश्यकताओं, करियर के अवसरों और कौशल विकास के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।बैठक में एरीना मल्टीमीडिया, मैक्स टेलर्स, साई चिल्ड्रेन नर्सिंग होम, ऑरा ब्यूटी सैलून जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया।बैठक में कार्यक्रम प्रभारी रूपेश मल्लिक ने इस आयोजन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। नियोक्ताओं ने अपने-अपने उद्यमों, कार्यबल आवश्यकताओं और करियर विकास के अवसरों पर जानकारी साझा की।

पशुपालन पदाधिकारी पर बरसे वित्त मंत्री, कहा

# आपको पलामू रास नहीं आ रहा है, तो क्षेत्र छोड़ दें

- प्रमंडल स्तरीय किसान मेला का हुआ आयोजन
- कृषि मंत्री ने जनसेवकों को विभाग में लाने की घोषणा की




**पलामू।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का बुधवार को पलामू के किसान मेला में एक अलग ही तेवर देखने को मिला। मंत्री मंच से ही पशुपालन पदाधिकारी पर बरसे। उन्होंने कहा कि आपको पलामू रास नहीं आता है, तो छोड़ कर चले जायें। उन्होंने पलामू में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की भी बात कही। वहीं, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जनसेवकों को कृषि विभाग में शामिल करने की घोषणा की।

डाल्टनगंज के शिवाजी मैदान में बुधवार को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि एवं पशुपालन मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने अपने भाषण में पलामू के विकास की बातें करते हुए किसानों को पशु नहीं मिलने की चर्चा की। कार्यक्रम में पलामू, गढ़वा और लातेहार के किसानों ने अपनी-अपनी फसल को लेकर प्रदर्शनी लगायी। इसके अलावा अलग-अलग विभागों के स्टॉल भी लगाये गये थे। प्रदर्शनी में आसपास के कई जिलों के किसान शामिल हुए।

**वित्तीय वर्ष में लक्ष्य पूरा नहीं होने पर फटकार:** कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने भाषण के दौरान पशुपालन पदाधिकारी से वित्तीय वर्ष 2024- 25 में पशुधन उपलब्ध कराने के लक्ष्य की जानकारी मांगी। इसमें उन्होंने बताया कि पलामू जिले भर में 2,368 पशुधन उपलब्ध कराने का लक्ष्य था। इसमें से अब तक केवल 30 फीसदी किसानों को पशुधन उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में वित्त मंत्री पशुपाल अधिकारियों पर नाराज हुए। उनको खरी-खोटी सुनायी। किशोर ने कहा कि सभी पदाधिकारियों का हम सम्मान करते हैं, लेकिन जो अधिकारी परफॉर्म नहीं कर सकते, उनके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को कहा कि अगर आप लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, आपको पलामू रास नहीं आ रहा है, तो आप पलामू छोड़ कर चले जायें। इस पर कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने ताली बजायी।

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू में कृषि विश्वविद्यालय की जरूरत है। यहां के किसानों का धान और गेहूं उत्पादन करने का माइंडसेट है। कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से इलाके में किसानों को अन्य फसलों का उत्पादन के लिए जानकारी मिलेगी।

### जोनल रिसर्च सेंटर और बीएयू ने कोई कार्य नहीं किया: शिल्पी

कृषि मंत्री शिल्पी शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में कई जगह कृषि विभाग का जोनल रिसर्च सेंटर मौजूद है। दावे के साथ बोल सकती हूं कि जोनल रिसर्च सेंटर और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने कोई कार्य नहीं किया है, जबकि कृषि विभाग में सबसे अधिक बजट दोनों के लिए है। कृषि मंत्री ने कहा कि पलामू में 'वन स्टेट वन प्रोडक्ट' के माध्यम से तिलहन का उत्पादन किया जायेगा। कोल्ड स्टोरेज खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवक शुरुआत में कृषि विभाग के ही अंग थे, बाद में इन्हें कृषि विभाग से अलग कर दिया गया। जनसेवकों को वापस कृषि विभाग में लाया जायेगा। इसके लिए पहल की जा रही है।

# सीएम हेमंत सोरेन के वरीय आप्त सचिव बने सुनील श्रीवास्तव



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुनील कुमार श्रीवास्तव को अपना वरीय आप्त सचिव नियुक्त किया है। सुनील श्रीवास्तव की नियुक्ति एक दिसंबर 2024 से प्रभावी होगी। बता दें कि पथ निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता सुनील कुमार श्रीवास्तव लंबे समय से मुख्यमंत्री के साथ वरीय आप्त सचिव के रूप में कार्यरत रहे हैं। यह नियुक्ति बाह्य कोटे के तहत की गयी है। यह पूरी तरह से अस्थायी और को-टर्मिनस है।

# आज से तीन दिन ओला-बारिश का ऑरेंज अलर्ट



**रांची।** रांची समेत राज्यभर में अगले तीन दिन गरज के साथ ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि 20 से 22 फरवरी तक हल्की बारिश के साथ हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा हो सकती है। राज्य में 23 तक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में एक से तीन डिग्री तक गिरावट होगी जबकि, रात के तापमान में बड़े बदलाव नहीं होंगे। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 14 जिलों में 22 फरवरी को ओलावृष्टि के आसार हैं। इनमें 20 और 21 को सरायकेला, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़ और बोकारो में ओलावृष्टि के साथ तेज हवा के साथ हल्की बारिश होगी। जबकि 22 को पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, दुमका, जामताड़ा, लोहरदगा में ओलावृष्टि के साथ तूफानी हवा चलेगी। 22 को राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। राज्य में मौसम बदलाव की प्रक्रिया शुरू होने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। बुधवार को रांची का न्यूनतम तापमान 16.4 और अधिकतम दर्ज किया गया। जबकि, राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री गुमला का रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, देश के उत्तरी भागों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी बंगाल से लेकर तेलंगाना तक एक निम्न दबाव क्षेत्र बन गया है। इसके प्रभाव से राज्य में हवा के रूख में परिवर्तन आया है। इससे अगले चार दिनों तक झारखंड का मौसम प्रभावित रहेगा और तेज हवा के साथ बारिश होगी।

| जिलों का न्यू. तापमान (डिग्री में) |
| --- |
| गुमला 11.6 |
| गढ़वा 13.0 |
| चतरा 13.6 |
| खूंटी 14.1 |
| मेदिनीनगर 14.5 |
| देवघर 14.9 |
| बोकारो 15.1 |
| रांची 16.4 |
| जमशेदपुर 18.4 |
| पू सिंहभूम 20.6 |

पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान गरज और तेज हवा के साथ ओलावृष्टि और कहीं-कहीं वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 20 से 22 तक विभिन्न हिस्सों में बारिश का पूवार्नुमान है। राज्य में 23 तक बादल छाए रह सकते है।

**अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**

## न्यूज़ अपडेट

### जेएनटाटा वोकेशनल कॉलेज में 15 दिवसीय विद्युत प्रशिक्षण शिविर शुरू



**जमशेदपुर।** स्वावलंबी भारत अभियान और खादी ग्रामोद्योग आयोग के संयुक्त प्रयास से जे.एन. टाटा वोकेशनल कॉलेज, बिस्टुपुर में विद्युत क्षेत्र से संबंधित 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बंदे शंकर सिंह, टाटा स्टील लर्निंग डिपार्टमेंट की हेड कुमुद लता, खादी ग्रामोद्योग आयोग, रांची के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी श्री सुसंतो चक्रवर्ती, कॉलेज के निदेशक बी.बी. सिंह और स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक पंकज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निदेशक बी.बी. सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन एडमिन सुरेश चौधरी ने दिया। इस अवसर पर निदेशक बी.बी. सिंह ने संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब तक 23,000 से अधिक विद्यार्थी यहां से प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। टाटा स्टील की कुमुद लता ने कौशल विकास में खादी ग्रामोद्योग आयोग की भूमिका की सराहना करते हुए बच्चों को विश्वास दिलाया कि टाटा स्टील प्रशिक्षण के बाद भी नौकरी मिलने तक मार्गदर्शन करेगा। मुख्य अतिथि बंदे शंकर सिंह ने भारत की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए आत्मनिर्भरता पर जोर दिया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 20 विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अमित मिश्रा, अनिल राय, मधुलिका मेहता, राज कुमार साह, राजपति देवी, जयप्रकाश सिंह, दुर्गा सैनी, अशोक कुमार सहित 80 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### टीबी मरीजों को मिला एक माह का पोषण सामग्री




**जमशेदपुर।** पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान, टी.बी. मरीजों के लिए पौष्टिक आहार प्रदान करने के उद्देश्य के साथ उन्हें जल्द से जल्द रोगमुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु की गयी है। टी.बी. मरीजों को भी चाहिए कि वो निर्धारित समय पर अपने दवा का नियमित उपयोग करें व पौष्टिक आहार ग्रहण कर स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायें। उक्त विचार रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रेड क्रॉस भवन साकची में आयोजित 31वें प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के मासिक पौष्टिक आहार किट प्रदान करने के कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने व्यक्त किया। उन्होने बताया कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम देश की एकमात्र संस्था है जो इस कार्यक्रम को नियमित रूप से पिछले 31 माह से चला रही है। कार्यक्रम की नियमित सहयोगी समाजसेवी पूरबी घोष ने टी.बी. मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम के दौरान जिला टी.बी. नियंत्रण विभाग द्वारा चयनित टी.बी. मरीजों के बीच अतिथियों ने एक माह की पोषण सामग्री के साथ विटामिन प्रदान किया। जिला टी.बी. नियंत्रण विभाग के सुजय कुमार, नागेन्द्र कुमार के साथ रेड क्रॉस के वाईस पेट्रन डी. के. घोष, नागराज, राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद, आशीष सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थें।

### 11 लाख की लागत से होगा आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण

**जमशेदपुर।** गम्हरिया प्रखंड के दुगनी पंचायत अंतर्गत जामबहाल में करीब 11 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। इस केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास जिप सदस्य शंभू मंडल व मुखिया शीला हाइबुरू ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस मौके पर ज़िप सदस्य ने कहा कि केंद्र के अभाव में बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस केंद्र भवन का निर्माण हो जाने से उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोज कुमार सिंहदेव, सेविका सेफाली बेज, सहायिका रीना बेज, गोविंद शाहदेव, शिवशंकर पंडा, संजय कैवर्त, बबलू पंडा, मधुसूदन पंडा समेत कई स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### 40 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**जमशेदपुर।** गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत के उकाम जंगल में अवैध रूप से संचालित हो रहे शराब भट्ठी पर गम्हरिया पुलिस ने छापामारी की। थाना प्रभारी कुणाल कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 40 लीटर महुआ शराब जब्त किया। पुलिस को देख कर भट्ठी संचालक व निगरानी कर रहा एक व्यक्ति भागने लगा। उसमें निगरानी कर रहे व्यक्ति को खदेड़कर पुलिस ने पकड़ लिया जबकि संचालक भागने में सफल रहा। पूछताछ के क्रम में पकड़ाए व्यक्ति ने अपना नाम सोनाराम मुर्मू बताया जो बागबेड़ा थाना अंतर्गत झाटा झोपड़ी का रहने वाला है। फरार हुए भट्ठी संचालक का नाम उकाम निवासी होपना मुर्मू बताया गया है। पुलिस ने पकड़ाए व्यक्ति को जेल भेज दिया। बताया गया है कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि उकाम जंगल में होपना मुर्मू द्वारा अवैध शराब भट्ठी का संचालन किया जा रहा है। उस सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी कर उक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान वहां करीब पांच सौ किग्रा जाबा महुआ को भी नष्ट किया गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा पुराने नोटो को बदलने हेतू बिस्तुपुर बाजार मे शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर जमशेदपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा द्वारा आज बिस्टुपुर बाजार मे कटे फटे नोटों के बदलने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जहाँ बिस्टुपुर बाजार के व्यपारियों के बिच पुराने नोटों के बदले नये का बदलने का कार्य किया गया । जहाँ काफी संख्या मे लोग लाइन लगा कर पुराने कटे एवं फटे नोटों के बदले नये नोट लिए । उक्त जानकारी देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, बिष्टुपुर मुख्य शाखा के वरीय प्रबंधक श्री पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार यह पुराने एवं कटे फटे नोटों के बदले नये नोट को देने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था । उक्त अवसर पर श्री तरुण कुमार दत्ता का भी सक्रिय योगदान रहा।

# भू-माफिया तालाबों पर बना रहे हैं कॉलोनियां, जिससे खत्म होते जा रहे हैं जल स्त्रोत, गर्मियों में होगा भीषण संकट का सामना

**जमशेदपुर।**



शहर के जल संसाधन तेजी से खत्म होते जा रहे हैं, भू-माफिया सरकारी तालाबों को समतल करने और विकास के लिए जमीन बेचने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कभी कीमती रहे जल निकायों पर कॉलोनियां बस रही हैं, जिससे शहर की जलापूर्ति को खतरा पैदा हो रहा है और स्थानीय निवासियों के लिए व्यापक चिंता का विषय बन गया है। कपाली, मानगो, बिरसानगर, कदमा, बागबेड़ा और घाघीडीह समेत कई इलाकों में भू-माफिया तालाबों को समतल कर प्लॉट और मकान बना रहे हैं। कथित तौर पर यह अवैध गतिविधि अंचल कार्यालय और स्थानीय पुलिस के संरक्षण में की जा रही है, जिससे समस्या और बढ़ रही है। इन जल स्त्रोतों के खत्म होने से भूमिगत जल स्तर पर सीधा असर पड़ रहा है, जिससे निवासियों को खास तौर पर गर्मी के महीनों में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप बागबेड़ा, बिरसानगर, मानगो, घाघीडीह और आदित्यपुर जैसे इलाकों में भूजल स्तर 500 फीट से नीचे चला गया है। इससे कई स्थानीय समुदायों के लिए हर साल संघर्ष की स्थिति बन गई है, जो गर्मियों में भीषण जल संकट का सामना करते हैं। इन इलाकों में पड़ताल की और पाया कि कई तालाबों को पहले ही भर दिया गया है या फिर उन्हें विकसित करने की तैयारी की जा रही है। तालाबों की जगह कॉलोनियां- कपाली, जो चांडिल क्षेत्र का हिस्सा है, लेकिन मानगो के करीब है, वहां अलबेला बगीचा में करीब चार एकड़ में एक तालाब था। यह तालाब 2016 तक अस्तित्व में था, उसके बाद भू-माफियाओं ने इसे समतल कर कॉलोनी बना दी। आज इस इलाके में करीब 50 घर हैं और बची हुई जमीन पर भू-माफिया और कॉलोनी के लोगों के बीच सड़क को लेकर विवाद है। चांडिल सीओ अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि इस सरकारी तालाब को अवैध रूप से भरकर बेचने की जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर भू-माफिया और जमीन पर बने ढांचे के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मानगो के जाकिरनगर इलाके में कभी तीन एकड़ में तेजाब तालाब हुआ करता था, लेकिन अब इसका आकार लगातार घटता जा रहा है। इस तालाब पर एक आदिवासी परिवार अपना दावा करता है और भू-माफिया इस परिवार को मोह-रा बनाकर अवैध गतिविधियों में शामिल कर रहे हैं। जमीन पर तीन दर्जन से अधिक मकान बन चुके हैं। मानगो के सीओ ब्रजेश श्रीवास्तव ने इस बात की पुष्टि की है कि इस तालाब को समतल करने के संबंध में शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि रैयती तालाब होने पर भी कार्रवाई की जाएगी। बागबेड़ा में बड़ौदा घाट और कुसुम घाट के पास करीब 10 एकड़ तालाबों को समतल कर आवासीय भूखंड बना दिए गए हैं। कभी पानी के महत्वपूर्ण स्त्रोत रहे इन तालाबों को भू-माफियाओं ने बेच दिया है। उन्होंने आदिवासियों की जमीन भी बेचना शुरू कर दिया है। 50 से अधिक भूखंड पहले ही बेचे जा चुके हैं और स्थानीय अधिकारी अब मामले की जांच कर रहे हैं। बागबेड़ा सीओ मनोज कुमार ने मामले की जांच करने का वादा किया है, उन्होंने कहा कि तालाबों को कानूनी तौर पर नहीं बेचा जा सकता है और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ये परेशान करने वाले रुझान जमशेदपुर में महत्वपूर्ण जल निकायों पर अतिक्रमण की बढ़ती समस्या को उजागर करते हैं, जो पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा शहर है। पर्यावरण और स्थानीय समुदायों पर इसका प्रभाव गंभीर है और अधिक महत्वपूर्ण जल संसाधनों को खोने से पहले इस अवैध प्रथा को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

## धतकीडीह में गोलीबारी से घायल युवक शिवम घोष की स्थिति गंभीर

**जमशेदपुर।**




धतकीडीह मेन रोड पर बुधवार को दिन के समय एक घातक घटना में शिवम घोष नामक युवक को अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई। शिवम, जिनका आपराधिक पृष्ठभूमि रहा है और जो पहले भी हत्या समेत कई वारदातों में शामिल हैं, अपने दोस्तों के साथ पैदल चलते समय इस हमले का शिकार हुआ। बताया जा रहा है कि स्कूटी पर सवार अपराधियों ने उन्हें रोका और कई गोलियां चला दीं। जैसे ही शिवम जमीन पर गिर पड़े, अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने शिवम को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया हैं। बुधवार को समाचार लिखे जाने तक बेहतर इलाज के लिए कोलकात्ता ले जाने की बात पर चर्चा हो रही हैं। गोली लगने की खबर जैसे ही इलाके में फैली, भीड़ में उत्तेजना मच गई। धतकीडीह मुखी बस्ती के सैकड़ों लोगों ने सड़क पर उतर कर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और अपराधियों की सख्त गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इसी बीच सिटी एसपी कुमार शिवाशीष घटनास्थल पर पहुंचे और भीड़ को समझाते हुए शांत करने का प्रयास किया। करीब एक घंटे बाद जाम हटाने में सफलता मिली। शिवम घोष धतकीडीह के रहने वाले मुन्ना घोष के पुत्र हैं। वर्ष 2021 में शिवम पर अपनी चाची, जूली घोष की हत्या का आरोप भी लगा था, जब वह घर में सोई हुई चाची पर हमला कर दी थी। उस घटना के चलते जनाक्रोश की लहर दौड़ गई थी और भारी दबाव में पुलिस ने कुछ दिनों बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शिवम के पिता मुन्ना घोष की भी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। सूत्रों का मानना है कि यह गोली कांड आपराधिक वर्चस्व की लड़ाई का हिस्सा हो सकती है।

## जमशेदपुर में छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लॉकडाउन के मया' का पोस्टर लॉन्च

**जमशेदपुर।**

छत्तीसगढ़ी फिल्म लॉकडाउन के मया का पोस्टर लॉन्च बुधवार को गोलमुरी स्थित एक होटल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूर्णिमा साहू और विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दिनेश कुमार उपस्थित रहे। फिल्म निर्माता डॉ. जे.के. देवांगन ने बताया कि लॉकडाउन के मया आगामी 21 मार्च 2025 को जमशेदपुर के मिराज सिनेमा हॉल (गोलमुरी) में रिलीज होगी। फिल्म के सह-निर्माता डॉ. प्रतिमा देवांगन, निर्देशक एवं लेखक एम. डी. हबीब, तथा प्रोडक्शन मैनेजर उदय साहू हैं। फिल्म में ज्यादातर कलाकार छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि कुछ जमशेदपुर के भी हैं। मुख्य भूमिकाओं में अभिनेता शीवा साहू, नितिन ग्वाला और अभिनेत्री



स्नेहा देवांगन नजर आएंगी, जो इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं। फिल्म की 90 प्रतिशत शूटिंग जमशेदपुर में हुई है और यह लॉकडाउन के दौरान लोगों की आपसी मदद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में पारिवारिक मनोरंजन के साथ-साथ एक रोमांचक त्रिकोणीय प्रेम कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें कॉमेडी, इमोशन, रोमांस और एक्शन का समावेश होगा। फिल्म के गाने पहले ही लोकप्रिय हो चुके हैं, जिनमें मार डारे और प्रियदर्शिनी विशेष रूप से चर्चा में हैं। ये गाने एन माही फिल्म यूट्यूब चौनल पर उपलब्ध हैं। जमशेदपुर में लगभग 25 वर्षों के बाद छत्तीसगढ़ी फिल्म रिलीज हो रही है, जिसे लेकर दर्शकों में उत्साह है। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में डॉ. जे.के. देवांगन, डॉ. प्रतिमा देवांगन, स्नेहा देवांगन, एम.डी. हबीब, दिनेश साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के आरोपी को राहगीरों ने पकड़ा

**जमशेदपुर।**

कांड्रा थाना अंतर्गत मुख्य सड़क के किनारे अपने घर के बाहर बैठे विजय कुमार वार्ष्णेय (78) नामक बुजुर्ग पर अनिल गुप्ता नामक व्यक्ति ने अचानक पत्थर, लात-घूंसे और डंडे से हमला कर दिया। इस अचानक हमले से बुजुर्ग गिर पड़ा। इसी बीच उनके कराहने की आवाज़ सुनकर मौके पर पहुंचे उनके पुत्र द्वारा हमलावर को पक-ड़ लिया गया। किन्तु हमलावर ने उसपर भी हमला कर दिया और उसे जमीन पर पटक दिया और उसके सर पर प्रहार करने की कोशिश की। इसी बीच उधर से गुजर रहे राहगीरों द्वारा बीचबचाव कर हमलावर को पकड़ लिया गया। उस हमले में बुजुर्ग खून से लथपथ हो गए और उनके सिर पर गंभीर चोटे आई जिससे वे मूर्छित हो गए लगे। इस बीच मौका देखकर हमलावर फरार हो गया। घायल बुजुर्ग को तत्काल इलाज के लिए गम्हरिया स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। बुजुर्ग के परिजनों द्वारा इस मामले में कांड्रा थाना में अनिल गुप्ता पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कांड्रा पुलिस ने तत्परता दिखाते हमलावर अनिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इधर, इस घटना को लेकर कांड्रा के लोगों में रोष व्याप्त है।

## सीआरपीएफ- 174 बटालियन के कमांडेंट के निर्देश पर जरूरतमंदों के बीच जरूरत सामग्री का किया गया वितरण



**चाईबासा।** सीआरपीएफ- 174 बटालियन के कमांडेंट संजय कुमार सिंह के निर्देश पर दिनांक 18.02.2025 को कुचाई प्रखंड में सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाया, इसके तहत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के जांब्रो, मारासूसुम, कुमोय और रूगरी गांव में सीआरपीएफ द्वारा जरूरतमंदों के बीच मच्छरदानी, सोलर लैंप, सिंटेक्स, टीनसीट, कड़ाही, डेचकी, कलछुल, चोलनी लेखन सामग्री, खेल सामग्री एवं स्कूल बैग व अन्य सामग्री का वितरण किया। सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण किसी भी प्रकार की समस्या के लिए सीआरपीएफ से संपर्क कर सकते हैं तथा उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया, भटके हुए ग्रामीण व नौजवानों को मुख्य धारा में वापस आने की बात कही। इस मौके पर जांब्रो गांव के मुखिया, मुंडा ग्रामीण व सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

## सैमसंग का किफायती स्मार्टफोन गैलेक्सी ए06 5जी लॉन्च

**रांची/पटना।**




भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग इंडिया ने आज अपने नवीनतम स्मार्टफोन, गैलेक्सी ए06 5जी, का ऐलान किया। यह डिवाइस किफायती कीमत पर शानदार 5जी अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। बजट गैलेक्सी ए सीरीज़ का हिस्सा, यह स्मार्टफोन विश्वसनीय प्रदर्शन, लंबी बैटरी लाइफ और उच्च ड्यूरैबिलिटी के साथ उपभोक्ताओं को अधिकतम वैल्यू देने का वादा करता है। आज से गैलेक्सी ए06 5जी भारत के सभी रिटेल आउटलेट्स, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स एवं अन्य ऑफलाइन चौनलों पर विभिन्न स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध होगा। विशेष रूप से, 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले मॉडल की शुरुआती कीमत मात्र 10,499 रुपये रखी गई है। यह स्मार्टफोन तीन आकर्षक रंगों ब्लैक, ग्रे और लाइट ग्रीन में पेश किया जा रहा है। लॉन्च के अवसर पर, सैमसंग ने एक विशेष ऑफर भी जारी किया है। ग्राहक अब मात्र 129 रुपये में सैमसंग केयर$ पैकेज के साथ एक वर्ष की स्क्रीन प्रोटेक्शन योजना का लाभ उठा सकते हैं, जिससे अतिरिक्त सुरक्षा और मानसिक सुकून मिलता है। इस लॉन्च के साथ सैमसंग इंडिया ने तकनीकी नवाचार को एक नए मुकाम पर ले जाने का संकेत दिया है, जिससे उपभोक्ता वर्ग में उत्साह और उम्मीदों की नई लहर दौड़ गई है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस राव ने बताय कि गैलेक्सी ए06 5जी के लॉन्च के साथ हम सेगमेंट में अग्रणी 12 5जी बैंड लेकर आ रहे हैं। यह डिवाइस शानदार कनेक्टिविटी, दमदार परफॉरमेंस और इनोवेशन की नई मिसाल कायम करता है। हमारा लक्ष्य अत्याधुनिक तकनीक को सभी उपभोक्ताओं तक पहुँचाना है, ताकि वे काम और मनोरंजन दोनों के लिए हाई-स्पीड कनेक्टिविटी का आनंद उठा सकें।

## सुरक्षा और पर्यावरण के लिए खतरा बन रहे हैं अनफिट और अपंजीकृत वाहन

**जमशेदपुर।**




पूर्वी सिंहभूम में बड़ी संख्या में ऐसे बस और बाइक चल रहे हैं, जिनके फिटनेस, प्रदूषण और टैक्स सर्टिफिकेट एक्सपायर हो चुके हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा, पर्यावरण प्रदूषण और राज्य के राजस्व नुकसान को लेकर चिंता बढ़ गई है। मानगो बस स्टैंड से चलने वाली कई बसें, जिनमें से कुछ जिले के भीतर और कुछ झारखंड के बाहर चलती हैं, परिवहन नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रही हैं। परिवहन विभाग के ऐप की जांच से पता चला है कि कई बसें पिछले तीन सालों से प्रदूषण नियंत्रण जांच में फेल हो गई हैं, जबकि कुछ ने 2022 से टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इसके अलावा, कई बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट और बीमा पॉलिसियां एक्सपायर हो चुकी हैं, जिससे वे सड़कों पर एक बड़ा जोखिम बन गई हैं। मानगो बस स्टैंड से रोजाना 100 से ज्यादा बसें निकलती हैं, ऐसे में नियामक अधिकारियों की लापरवाही चिंताजनक है। मुख्य उल्लंघनकर्ताओं में बस डब्ल्यूबी 55 ए 7678 का फिटनेस सर्टिफिकेट जनवरी 2022 से एक्सपायर हो चुका है, अप्रैल 2022 से टैक्स का भुगतान नहीं किया गया है और पिछले दो सालों से इसका बीमा और प्रदूषण सर्टिफिकेट भी फेल हो चुका है। एक अन्य वाहन, ओडी 097577 का कर 31 जनवरी, 2025 से देय है, हालांकि इसका परमिट, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र अपडेट हैं। इसी तरह, डब्ल्यूबी 55 वी 2115 एक असफल फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र के साथ 2024 से चल रहा है, जबकि इसके कर जनवरी 2022 से बकाया हैं। एक अन्य उदाहरण ओडी 11 एच 9661 है, जिसका कर 31 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया, हालांकि इसका परमिट, फिटनेस और बीमा वैध है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, टैक्सी, बस, ट्रक और मालवाहक सहित सभी वाणिज्यिक वाहनों के पास चलने के लिए वैध परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र और कर निकासी होनी चाहिए। इसका पालन न करने पर प्रति वाहन 40,000 रुपये का जुर्माना लगता है। पूर्वी सिंहभूम के जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) धनंजय राय ने कहा कि नियमित रूप से निरीक्षण किए जाते हैं और उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाता है। हालांकि, बड़ी संख्या में उल्लंघन करने वाले वाहनों को देखते हुए, प्रवर्तन अपर्याप्त प्रतीत होता है। निवासी और कार्यकर्ता सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, उनका तर्क है कि अनुपयुक्त बसें यात्रियों को खतरे में डालती हैं, पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं और भारी राजस्व हानि का कारण बनती हैं। परिवहन कानूनों के ऐसे घोर उल्लंघन के साथ, विभाग को और अधिक दुर्घटनाएँ होने से पहले अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

## न्यूज़ अपडेट

## झारखंड में दो दिनों तक होगी वज्रपात और ओलावृष्टि

**एजेंसी : रांची** झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है, जबकि मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी. की गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है। 21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 22 फरवरी को दक्षिणी, मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही राज्य के दक्षिण पश्चिमी, मध्य और नजदीकी उत्तर पूर्वी भागों कहीं कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी जिले जिनमें पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा और लातेहार शामिल हैं यहां कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में कुहासा रहा। हालांकि दिन चढने के साथ मौसम साफ हो गया। बाद में दिन भर आंशिक बादल छाया रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची में तापमान 29 डिग्री, जमशेदपुर में 33.4, डालटनेगंज में 32.7, बोकारो में 32.5, चाईबासा में 34.8 और देवघर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## 23 फरवरी को होगी राजद विधायक दल की बैठक, सरकार के कामकाज समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**एजेंसी : रांची**। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल की बैठक 23 फरवरी को होगी। यह बैठक हरमू बाईपास रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शाम चार बजे से होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि राजद विधायक दल की अध्यक्षता राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के कामकाज, राज्य में संगठन के विस्तार और इसकी मजबूती समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव और विधायक नरेश सिंह समेत पार्टी के अन्य वरीय नेता उपस्थित रहेंगे।

## खतियान विसंगति से परेशान चिक बड़ाइक समाज, राज्यपाल से समाधान की मांग



**एजेंसी :रांची**। चिक बड़ाइक समन्वय समिति के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की और खतियान में नाम दर्जीकरण की विसंगति को लेकर अपनी समस्या रखी।शिष्टमंडल ने राज्यपाल को बताया कि कहीं चिक, कहीं बड़ाइक और कहीं चिक बड़ाइक दर्ज है, जबकि ये तीनों एक ही समुदाय से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि चिक बड़ाइक को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया गया है, लेकिन इस भ्रम की वजह से खतियान में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे भूमि सुरक्षा प्रभावित हो रही है।समिति ने राज्यपाल से इस विसंगति को दूर करने और जरूरी पहल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल



**एजेंसी : रांची**। झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की । शिष्टमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## मैराथन बैठकें करने 21 को रांची आएंगे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी

**एजेंसी : रांची**। झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत 21 फरवरी को राजधानी रांची पहुंचेंगे। वह दोपहर दो बजे से रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सुबह 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की ताजा स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी 23 फरवरी की सुबह 10.30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की बैठक में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11.30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। दो बजे से वे कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन और उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे, फिर शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। 25 फरवरी को रांची जिला के लापुंग, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रांची नगर और ग्रामीण के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर शाम चार बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचेंगे। प्रदेश प्रभारी शाम 6.30 बजे रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नाला में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**एजेंसीःरांची खूंटी**। तपकारा थाना क्षेत्र के कालेट नाला में डूबने से सोमा मुंडा (52) की मौत हो गयी। वह चम्पाबहा गांव का रहने वाला था। घटना मंगलवार की है। जानकारी के अनुसार सोमा को मिर्गी की बीमारी थी। घटना के दिन वह अपनी पत्नी के साथ जड़ी बूटी खोजने जंगल की ओर जा रहा था। उसी बीच वह शौच के लिए चला गया। शौच के बाद वह नाले के पास पहुंचा, वहीं उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

# स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पर काम करें मुखिया : उपायुक्त

**एजेंसीःरांची**



रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री बुधवार को रांची के शहीद चौक स्थित अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में आयोजित मुखिया सम्मेलन में शामिल हुए। यह कार्यक्रम जिले के सभी मुखिया के उन्नमुखीकरण के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी मुखिया से कहा कि आप सभी स्कूलों में शत प्रितशात बच्चों की उपिस्थित के लिए काम करें। शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही विद्यालय के शिक्षा में कैसे सुधार हो, 100 प्रतिशत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कैसे हो, इस पर ध्यापन दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मुखिया के फंड से जो काम किये जा रहे हैं उस पर उनसे सहभागिता निभाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी मुखिया नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय की गतिविधियों का सामाजिक अनुश्रवण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले, इस पर सभी संबंधित पदाधिकारी और शिक्षकों को ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 19 मुखियाओं को उपायुक्त ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सबकी सहभागिता से कई बच्चें स्कूल जा रहें है। प्रायः देखा जाता था कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे विद्यालय न जा कर अन्य कार्यों में अपने परिजनों के साथ काम कर रहे हैं। इससे ऐसे बच्चों का शिक्षा सही तरह से नहीं हो पाता था, लेकिन, सबकी सहभागिता से अब ऐसे बच्चे भी स्कूल जा रहें है। इससे शिक्षा में काफी बदलाव आया है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला परिषद अध्यक्ष, निर्मला भगत, उपाध्यक्ष, वीणा चौधरी और जिला के निर्वाचित सभी प्रखंडों के मुखिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, राजेश कुमार साव, समेत अन्यम मौजूद थे।

## बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**एजेंसीःरांची**



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोग जाति और धर्म से ऊपर उठकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा देश भर से युवा पूरे उत्साह के साथ डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं, जो सुखद है। इस मौके पर उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है। गंगा मईया से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूं।''

## राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल का दल

**एजेंसीःरांची**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद स्थित 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल के छात्र और विद्यालय परिवार के सदस्य राजभवन में मिले। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे पहले ही इस संस्थान का भ्रमण कर चुके हैं और इसके कार्यों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगों के सशक्तिकरण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें दिव्यांग संबोधित किया गया, जो दिव्यांगजनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। राज्यपाल ने युवाओं का आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान मात्र दो बच्चों के साथ शुरू हुआ था और आज यह दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का काम कर रहा है। विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर बच्चों ने झारखंड के लोकगीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहना की। वहीं राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## टेक्निकल छात्र संघ ने की झारखंड प्रौद्योगिकी विवि के प्रभारी कुलसचिव से मुलाकात

**एजेंसीःरांची**



टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अभिषेक बनर्जी की अध्यक्षता में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव निशांत कुमार से मिला। इस दौरान विश्वविद्यालय के करिकुलम डायरेक्टर स्नेह भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छह माह विलंब से चल रही एमबीए, एमटेक, बीटेक की परीक्षाओं के बारे में अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है। बीटेक छठे सेमेस्टर की परीक्षा अगस्त में ही हुई है, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया है। उन्होंने कहा कि दो दिनों पूर्व सातवें सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी गई है। इससे छात्र परेशान हैं। एमबीए की भी परीक्षा हुए तीन माह हो गए हैं, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं निकाला गया है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी किसी भी सेमेस्टर की परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से एक सप्ताह पहले रिजल्ट से मिलता जुलता प्रोविजनल रिजल्ट कॉलेजों को भेजता है और यहां के कर्मचारी छात्रों से पास कराने के एवज में पैसा लेते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी यूनिवर्सिटी रिजल्ट को अपनी साइट पर जारी करती है, लेकिन यहां ऐसा नहीं होता है। प्रभारी कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल से कहा है कि इस संबंध में लिखित शिकायत करें, जरूर कार्रवाई होगी।

## 22 दिनों से लापता हर्ष की क्षत विक्षत मिली लाश, सड़क जाम

**एजेंसीःपलामू**




पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महुलिया से 22 दिनों से लापता हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ है। बच्चे के घर से एक किलोमीटर दूर हदहदवा नाला के पहाड़ी के पास से बरामद किया गया। पैर का हिस्सा एवं कपड़े से शव की पहचान की गयी। पैर का हिस्सा एवं खोपड़ी केवल मिली है। मौके से एक टांगी भी मिली है। धड़ से कमर का हिस्सा गायब है। जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की गयी। सूचना मिलने पर एसएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स ले जाया जाएगा। क्षत विक्षत शव मिलने की सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया है। बुधवार को गांव की एक महिला हदहदवा नाला के पहाड़ी की तरह गयी थी। उसने एक बच्चे का शव क्षत विक्षत देखा। इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे एवं जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की। शव की शिनाख्त होते ही परिजन चितकार मारकर रोने बिलखने लगे। अन्य ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गए एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं एवं आक्रोशित लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव भी मौके पर पहुंचे एवं विशेष टीम गठित कर घटना का उदभेदन करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। बतातें चलें कि 27 जनवरी शाम करीब साढ़े पांच बजे से 14 वर्षीय हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद लापता हो गया था। पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि नंद यादव का कहना है कि इस तरह की घटना से यहां के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह घटना दिल दहला देने वाली है। थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर इस तरह की घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि आज हर्ष के साथ ऐसी घटना हुई। आने वाले दिन में उनके बच्चों के साथ भी हो सकती है। इस तरह की घटना की पुलिस गहनता पूर्वक जांच कर कार्रवाई करें।

## आरुणि ने एसआर डीएवी का बढ़ाया मान

**एजेंसीःरांची**



राजधानी रांची के पुंदाग स्थित एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल (बैच 2022) के पूर्व छात्र आरुणि प्रसाद ने एनसीसी (नेवी विंग) में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। आरूणी को एनसीसी में ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट (5वां स्थान) – नेवी विंग मिला है। इसके अलावा उन्हें सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल के लिए ऑल इंडिया स्पॉन्सर्ड कैडेट के रूप में चयन किया गया है। अरूणी का चयन 50 मीटर श्रेणी में देश के शीर्ष 15 सर्वश्रेष्ठ शूटरों में हुआ है। उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए भी किया गया है। आरूणी की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने भावी कैडेट्स के लिए एक नया मापदंड स्थापित किया है। विद्यालय के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने आरुणि प्रसाद को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने आरुणि प्रसाद को विद्यालय के एनसीसी विंग के छात्रों को मार्गदर्शन देने और प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आरुणि प्रसाद की सफलता एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य करती है और उनका मार्गदर्शन निश्चित रूप से अन्य कैडेट्स की आकांक्षाओं को ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## रांची में होली पर कवि सम्मेलनः हास्य, व्यंग्य और वीर रस की होगी बौछार

**एजेंसीःरांची**



राजधानी रांची में हर साल होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने वाली समिति इस वर्ष भी काव्य रसिकों के लिए विशेष आयोजन कर रही है। 12 मार्च को रात 9 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस की कविताओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, सुनील पाल, भुवन मोहिनी, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और शशिकांत यादव सहित कई कवि रात भर लोगों को अपने हास्य व्यंग, वीर रस तथा श्रृंगार रस की कविताओं से गुदगुदाएंगे। वहीं समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने बताया कि आयोजन स्थल पर सभी तरह की सुरक्षा की व्यवस्था होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर जलपान की भी व्यवस्था होगी। वहीं पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है । पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन ने रांची के सभी कविताप्रेमियों से कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।

## उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

**एजेंसीःरांची**




उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार रांची जिला के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल, स्वच्छता, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन और सहकारिता, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग तथा नगर विकास विभाग की ओर से जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की।उपायुक्त ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। जाली मुद्रांकों की बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया।उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को तय समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। साथ ही कार्यादेश जारी होने के बाद किसी वेंडर की ओर से काम में अनियमितता बरते जाने पर उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। उपायुक्त ने मौके पर अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## सुविचार



**गलती उसी से होती है जो मेहनत से काम करता है, निकम्मो की जिंदगी तो दुसरों की बुराई खोजने में खत्म हो जाती है।**

# लालच का जाल, कर रहा कंगाल

कर्नाटक के मैसूरु शहर में ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारण पैदा हुई आर्थिक तंगी के बाद एक दंपति द्वारा उठाया गया खौफनाक कदम समाज में बढ़ती उस बुराई के दुष्प्रभावों को दर्शाता है, जिस पर अभी खुलकर बात नहीं हो रही है। जुआ, सट्टा जैसी बुराइयां पहले भी मौजूद थीं, लेकिन तब इन तक लोगों की पहुंच आसान नहीं थी। लोक-लाज का भी भय था। अगर कोई युवक ऐसी जगह पर मौजूद पाया जाता, जहां जुआ-सट्टा खेले जाते हैं तो उसके घर पहुंचने से पहले ही गली-मोहल्ले में यह बात फैल जाती थी कि 'आज तो फलां साहब के बेटे गलत कामों में दिलचस्पी ले रहे थे, यह अशुभ लक्षण है, घर बर्बाद होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।' अब मोबाइल फोन ने इतनी आसानी कर दी है कि जो व्यक्ति इन बुराइयों में पड़ना चाहता है, उसे न तो कहीं जाने की जरूरत है, न रुपयों की गड्डी किसी को थमाने की जरूरत है। लोग घर बैठे ही हजारों-लाखों के दांव लगाते हैं। किसी को कानोंकान खबर नहीं होती। जब तक जीतते रहते हैं, मन बड़ा उत्साहित रहता है। खुद के अत्यंत सौभाग्यशाली होने का भ्रम हो जाता है। जैसे ही दांव उल्टा पड़ने लगता है, दिन का चैन और रातों की नींद, सब गायब हो जाते हैं। जब ज्यादा बड़ा नुकसान होता है तो व्यक्ति अंदर ही अंदर घुटन महसूस करता है। जब उसका सच सामने आ जाता है तो परिवार में भारी क्लेश मचता है। जिन्हें एक बार जुए-सट्टे की लत लग गई, वे इसे आसानी से नहीं छोड़ पाते। कई तो अपनी बचत और जायदाद का बहुत बड़ा हिस्सा हार जाते हैं। वे इन्हें दोबारा हासिल करने के लिए कर्ज लेते हैं और वह भी गंवा देते हैं।

ऐसे लोग एक के बाद एक बुराइयों के दलदल में धंसते जाते हैं। इससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा पर बहुत बुरा असर पड़ता है। लोग उन्हें कर्ज देने से मना कर देते हैं, क्योंकि उन्हें आशंका रहती है कि दिया गया धन सट्टे की भेंट चढ़ जाएगा। जुआ और सट्टा जैसी बुराइयों के बारे में कुछ लोग सोशल मीडिया चैनलों पर चर्चा करने लगे हैं, जिनमें वे आपबीती बताते हैं कि लालच के कारण इनमें फंस गए थे। कुछ लोग कहते हैं कि वे लाखों रुपए हार चुके हैं, लेकिन इस नुकसान के बारे में घर में किसी को बताने की हिम्मत नहीं हो रही है। एक सरकारी कर्मचारी, जो कुछ वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके पास लगभग 40 लाख रुपए की बचत थी। वे इस रकम से घर बनाना और बच्चों की शादी करना चाहते थे। एक दिन किसी ने बताया कि 'इस रकम को दुगुनी कर सकते हैं। इसके लिए एक ऐप डाउनलोड करें, मेरा कोड लगाएं और धड़ाधड़ रुपए कमाएं!' शुरुआत में उन्हें कुछ हजार रुपए का फायदा हुआ। उसके बाद नुकसान होने लगा, जिसकी भरपाई की कोशिश में पूरी रकम गंवा दी। शादियों में टेंट और खानपान संबंधी सेवाओं का व्यवसाय करने वाले एक शख्स को उसके 'घनिष्ठ मित्र' ने बताया कि 'शादियां तो खास सीजन में ही होती हैं, कई महीने खाली गुजरते हैं। जब करने को कोई काम न हो तो अपने मोबाइल फोन पर यह मज़ेदार गेम खेलो। इसमें ज्यादा कुछ नहीं करना, बस थोड़े-से रुपए लगाने हैं। उसके बाद जीती हुई रकम सीधे बैंक खाते में आ जाएगी।' उसने जल्द अमीर बनने के लिए खूब दांव लगाए। अब तक लाखों की रकम डूब चुकी है, काम-धंधा चौपट हो चुका है। परिजन इज्ज़त नहीं करते। पड़ोसी और रिश्तेदार अपने बच्चों से कहते हैं कि उन 'भाई साहब' से दूर रहो, कहीं तुम्हें भी सट्टा लगाना न सिखा दें, खुद तो बर्बाद हो ही गए। जुआ, सट्टा और इस किस्म की तमाम बुराइयों से होने वाले नुकसान से बचने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि लालच न करें और इन गतिविधियों से कोसों दूर रहें। कोई कितना ही घनिष्ठ मित्र, नजदीकी रिश्तेदार, पड़ोसी और प्रिय सेलिब्रिटी हो, अगर वह ऐसी वेबसाइट / ऐप का प्रचार करे तो उसके शब्दों पर बिल्कुल भरोसा न करें। दुर्भाग्यवश ऐसी वेबसाइट / ऐप पर दांव लगाते हैं तो आज और अभी उससे निकल जाएं। अन्यथा भविष्य में ऐसे चक्रव्यूह में फंस सकते हैं, जिससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं दिखेगा।

## ट्वीटर टॉक



कृषि एवं कृषकों के हित को पूरी तरह नजरंदाज किया गया। अपने संकल्प पत्र में चड्ढा पर बाजरे की खरीद और इसके प्रमोशन को लेकर भाजपा ने वादा किया था, जो इस बजट में पूर्ण रूप से नदारद रहा। फसल की खरीद, खराबे एवं प्रोत्साहन के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है।

**-सचिन पायलट**



न्यायिक शिक्षा में नवाचार, संविधान अध्ययन को विस्तार! डॉ. भीमराव अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी, जयपुर में अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ कांस्टीट्यूशनल स्टडीज़ की स्थापना प्रस्तावित। लोक विश्वास अधिनियम लाया जाएगा।

**-दीया कुमारी**



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत दी जाने वाली राशि 8 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये प्रति वर्ष की गई। गेहूं के एमएसपी बोनस 125 से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में बीमित पशुपालकों की संख्या दोगुनी होगी।

**भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# सहअस्तित्व का दर्शन

एक बार संत गिरिजानंद अपने प्रवचन में कम से कम भोग और संतुलित जीवन पर शिक्षा दे रहे थे। एक जिज्ञासु ने कहा, 'महाराज अगर हमारे सामने भोग पदार्थ सजे हुए हैं। भूख में भी कोई कमी नहीं है। तब मन को लगाम कैसे देना चाहिए भला?' संत हंसकर बोले, 'ठीक उस गौरैया की तरह जो चोंच भर दाना चुगती है और अनाज से भरा आंगन अपने बाकी साथियों के लिए छोड़कर चली जाती है।' वह आगे बोले, 'जानते हो एक प्यासे मगर लालची को किसी ने जल पीने के लिए कटोरी दी। उसने सारा दिन नदी का पानी पीने में लगा दिया। रात तक उसका पेट फट गया। अति भोग ने जान ले ली। इस सृष्टि में अतिक्रमण का कोई स्थान नहीं है। हम औरों का हिस्सा भी लूटकर खाना चाहते हैं। जबकि हमारा दर्शन तो सहअस्तित्व पर आधारित है।'

## सामयिक

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत विपक्ष आवश्यक

लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मज़बूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना या विधेयक पर बात न करना का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मज़बूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुँचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, सत्ता भ्रष्ट करती है और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित परोपकारी राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मज़बूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे।

परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यतः एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है।

राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर ज़ोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीक़ा है। संसदीय चर्चाओं में पुराने ज़माने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएँ फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मज़बूत किया जाना चाहिए।

तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की ज़रूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी।

प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुँचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मज़बूत करने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूत करना होगा। महत्त्वपूर्ण नीतियों में पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना, मीडिया तक समान पहुँच प्रदान करना और राज्य निधि का आवंटन शामिल है। लोकतंत्र को गतिशील, उत्तरदायी और जवाबदेह बनाने के लिए एक मज़बूत और सफल विपक्ष का होना आवश्यक है।

## नजरिया

# प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन

दुनियाभर में प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन को लेकर लगातार अनुसन्धान हो रहा है। मगर यह एक प्रामाणिक तथ्य है कि प्रकृति और मानव एक दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। मानव के मनुष्य के जन्म के साथ ही उसका प्रकृति से निकट का सम्बन्ध जुड़ जाता हैं। प्रकृति अपनी चीजों का उपभोग स्वयं नहीं करती। हमारी आधारभूत जरूरतें जैसे हवा, पानी, भोजन आदि सभी प्रकृति से ही प्राप्त होते है साथ ही प्रकृति ने हमें कई प्रकार के फूल, पक्षियां, पशु, पेड़ पौधे, नीला आकाश, ज़मीन, नदियां, समुद्र, पहाड़, प्रदान किया है। जिससे मनुष्य एक बेहतर और अच्छा जीवन व्यतीत कर पाता है। यह कहा जा सकता है प्रकृति ही मानव का पोषण करती आई हैं। मनुष्य प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ रचना है। यदि मनुष्य प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करता रहा तो प्रकृति भी एक दिन इंसान के वजूद के साथ छेड़छाड़ शुरू कर देगी। मनुष्य का यह शरीर भी प्रकृति के पाँच तत्वों से मिल कर बना है, वायु, अग्नि, जल, आकाश, मिट्टी और फिर यह प्रकृति हीं इस शरीर को वापस अपने में मिला लेती है। हम पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व को जारी रखना चाहते हैं तो प्रकृति का संतुलन हर हालत में बनाये रखना होगा। यदि प्रकृति के अनुरूप हमने अपने आप को ढाल लिया तो ठीक नहीं तो अस्तित्व समाप्त होने का खतरा उत्पन्न हो जायेगा।

प्रकृति व पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। प्राकृतिक संपदाओं के महत्व को समझना, उनका किफायती उपयोग करना, उनके संरक्षण को प्राथमिकता देना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। जल, जंगल और जमीन प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जिनके बगैर हमारी प्रकृति अधूरी है। प्रकृति के इन तीनों तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका सन्तुलन डगमगाने लगा है। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ कर रहे हैं, यह उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हम प्रकृति की चिंता नहीं करते और यही वजह है कि प्रकृति ने भी अब हमारी चिंता छोड़ दी है। हमनें बिना सोचे समझे संसाधनों का दोहन किया है। यही वजह है कि अब पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है और बाढ़, सूखा, सुनामी जैसी आपदाएं आ रही हैं। बरसों से पर्यावरण को हम इंसानों ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। प्रकृति से साथ इंसान का लगातार खिलवाड़ एक भयानक विनाश को आमंत्रण दे रहा है, जहां किसी को बचने की जगह नहीं मिलेगी।

जल को व्यर्थ में बहा रहे हैं जंगलों को काट रहे हैं और जमीन पर जहरीले कीटनाशक का उपयोग करके उसकी उर्वरक क्षमता और उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। प्रकृति पर मंडराता खतरा जस का तस बना हुआ है। सबसे बड़ा खतरा तो इसे ग्लोबल वार्मिंग से है। धरती के तापमान में लगातार बढ़ते स्तर को ग्लोबल वार्मिंग कहते है। वर्तमान में ये पूरे विश्व के समक्ष बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि धरती के वातावरण के गर्म होने का मुख्य कारण का ग्रीनहाउस गैसों के स्तर में वृद्धि है। इसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे प्रकृति पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा।

प्रकृति का संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार है। मनुष्य जन्म से ही प्रकृति और पर्यावरण के सम्पर्क में आ जाता है। प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा अति आवश्यक है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रजाति के जीव जंतु, वनस्पतियां और पेड़-पौधे विलुप्त हो रहे हैं जो प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत ही भयावह है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण , वातवरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी।

इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। हमारा शरीर प्रकृति के पांच तत्वों से मिल कर बना है। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तथा उससे अपनापन रखते हैं तो प्रकृति भी हमारे शरीर की रक्षा करेगी। हम अनेक प्रकार की बीमारियों से बचे रहेंगे। प्रकृति का संरक्षण मानव जाति का संरक्षण है क्योंकि ये प्राकृतिक तत्व ही हैं जो हमें जीवन देते हैं। ऐसे में यह समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने आसपास के प्रकृतिक संसाधनों की रक्षा करे।

## नजरिया

# सत्ता लोलुपता बनाम दिग्भ्रमित विकास की धारा

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और अदूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं। राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है। जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है। अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने जैसा ही है। यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं। भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं। यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श और विकास के विपरीत चले जाते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं। अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रतिमान को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा इस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है।

**लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचारिता, अवसरवादीता एवं एन-केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं।**

लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचारिता, अवसरवादीता एवं एन-केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए। परिणाम स्वरूप जनता, सरकार, राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।

न्यूज़ अपडेट

## शहर के सैकड़ों नागरिकों ने झामुमो की ली सदस्यता



**दुमका।** झामुमो जिलाध्यक्ष दुमका शिव कुमार बास्की के नेतृत्व में सिदो- कान्हू चौक (पोखरा चौक) पर दिन बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें शहर के सैकड़ों नागरिको ने पार्टी की सदस्यता रसीद कटवा कर सदस्यता प्राप्त की। इस अवसर पर जामा विस क्षेत्र की विधायक डॉ लुइस मरांडी, जिला सचिव निश्चित बरन गोलदार, जिला प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया, नगर प्रभारी रवि यादव, शिवेंदु चक्रवर्ती, सुमंत यादव, राजेश सिंह, पराक्रम शर्मा, गौरव झा, मृणाल झा, अमित रक्षित, सोनु शेख, इंदु चोबे, गीता देवी, कृष्णा देवी सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हँसडीहाः महाशिवरात्रि के अवसर पर महाआरती का आयोजन



**सरैयाहाट/** दुमकाः-हँसडीहा में महाशिवरात्रि के मौके पर हंसडीहा स्थित शिव मंदिर में मंगलवार की देर शाम महाआरती का आयोजन किया गया। ये महाआरती बनारस की तर्ज पर की गयी। इस महाआरती में हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह मुख्य रूप से शामिल रहे। वहीं उनके साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

बता दें कि बाबा बालेश्वर नाथ शिव मंदिर कमिटी हथगड़ द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पहली बार लगातार दस दिनों तक महाआरती का आयोजन कराया गया है जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा बनारस से आए 03 पंडितों ने महाआरती की। इस दौरान आयोजन स्थल भक्ति मय हो गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। महाआरती की शुरुआत शंखनाथ के साथ हुई। आपको बता दें कि कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक विद्युत सजावट की गई थी। महाआरती के दौरान का नजारा अद्भुत लग रहा था। महाआरती के बाद कथावाचक ओमप्रकाश जी महाराज के मधुर वाणी से शिव महापुराण की कथा सुनाई गई कथा सुन श्रद्धालुओं भाव विभोर हो उठे

## गोड्डा जिला महाकुंभ जाने के लिए उमड़ा जनसैलाब प्रशासन अलर्ट



**गोड्डा।** दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के कारण हुई मौत के बाद अलर्ट पर रेल प्रशासन और जिला पुलिस। महाकुंभ प्रयागराज ट्रेन को लेकर बुधवार को रहेगी पुख्ता व्यवस्था। गोड्डा-दिल्ली सप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन वाया गिरीडीह-प्रयागराज होकर आज सुबह 10:10 मिनट पर गोड्डा स्टेशन से रवाना होगी। इसे लेकर प्लेटफार्म पर नगर थाना पुलिस के साथ ही रेल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जहां भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षित यात्रा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है इस बीच बुधवार की सुबह 10:10 पर खुलने वाली दिल्ली ट्रेन को लेकर महाकुंभ जाने वाले यात्री रात से ही स्टेशन परिसर पहुंच चुके हैं इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बुधवार को भी प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में किस तरह की भीड़ होगी।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिलास्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

**गोड्डा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिलास्तरीय समीक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।



बैठक में उपायुक्त के द्वारा सीडी रेश्यो,वार्षिक ऋण योजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि , पीएम किसान लाभुकों के केसीसी संतृप्तीकरण की स्थिति , एमएसएमई योजना के अंतर्गत प्रगति, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की स्थिति , स्वयं सहायता समूह (SHG) का क्रेडिट लिंकेज, पी.एम. स्वनिधि योजना की उपलब्धि , नाबार्ड के द्वारा विकासात्मक कार्यों की अद्यतन स्थिति ,पीएमजेडीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई तथा एपीवाई के अंतर्गत प्रगति, FPOs के क्रेडिट लिंकेज तथा ऋण वसूली की क्रमवार समीक्षा की गई एवं इन योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए ताकि इनका लाभ ग्रामीणों को सुगमतापूर्वक मिल सके ।

मौके पर एलडीएम, गोड्डा चंदन कुमार चौहान, आरबीआई रांची के उदीप्त प्रकाश , डीडीएम नाबार्ड नूतन राज एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे

# विभिन्न कार्यक्रमों के लिए गठित समितियां ईमानदारी पूर्वक अपने-अपने दायित्वों का करेंगी निर्वहन : उप विकास आयुक्त

**दुमका।**

उप राजधानी दुमका में मयूराक्षी नदी के तट पर स्थित हिजला ग्राम में 21 से 28 फरवरी तक चलने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर दिन बुधवार को उप विकास आयुक्त दुमका ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में हिजला मेला के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों को उनके कार्यों से अवगत कराते हुए कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के लिए गठित सभी समिति अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन समय पर व ईमानदारी पूर्वक करेंगे। मेला क्षेत्र की साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति का उन्होंने निर्देश दिया। मेला क्षेत्र में जगह-जगह डस्टबिन रखने तथा बाहरी कला मंच व भीतरी कला मंच में शौचालय सहित पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया। विभागों से संबंधित प्रदर्शनी लगाने का भी उन्होंने निर्देश दिया। कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि हिजला मेला महोत्सव के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल की सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें।





मेला स्थल की रंगाई-पुताई, मरम्मत, रोशनी, पेयजल व मेला मार्ग के रंग-रोगन का का निर्देश दिया तथा कहा कि पथ निर्माण विभाग के अधिकारी मेला स्थल तक की सड़क को यथाशीघ्र दुरुस्त करें। निजी/सरकारी, दो पहिया व चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए जगह चिह्नित करते हुए प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने को कहा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति के निर्देश दिए और कहा कि हर जगह साइनेज लगायी जाए।

बैठक के उपरांत उप विकास आयुक्त ने मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी विभाग के अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## यूनिसेफ के द्वारा खेलकूद, स्वास्थ्य व सड़क सुरक्षा की दी गई जानकारी

**दुमका/श्रमबिन्दु।**

बंदरजोरी दुमका स्थित स्थित लिटिल स्टेप्स पब्लिक स्कूल में दिन बुधवार को यूनिसेफ की ओर से भोजन में पोषक तत्व तथा पौष्टिक भोजन के बारे में बताया गया। विद्यालय के निदेशक माधव पंडित प्रधाना ध्यापक राजेश सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक लीड्स एवं पिनाक पानी बैन जिला समन्वयक साकेत कुमार, विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं क्रमशः बरखा कुमारी, श्रुति सिंह, परिमल पंजियार, शिल्पी कुमारी, चंदा कुमारी, सोनी कुमारी व अन्य इस अवसर पर उपस्थित थे।



कार्यक्रम में समन्वयक लीड्स साकेत कुमार ने बच्चों से, उनसे संबंधित खेलकूद में रुचि के बारे में पूछा तथा कहा कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के जीवन के खेलकूद भी काफी महत्वपूर्ण है। खेलकूद पर उन्होंने बच्चों को जागरूक किया। बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में भी बताया तथा कहा कि पूरी स्वच्छता के साथ भोजन किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं हमें खुद को और अपने आसपास की वस्तुओं व जगहों को स्वच्छ भी रखना चाहिए।

बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि हमें सड़क पर चलते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित तमाम बातों का ध्यान रखना चाहिए। सड़क के किस ओर चलना चाहिए तथा सड़क पर आते जाते वाहनों को देखकर उनके पीछे दौड़ना नहीं चाहिए, जैसी जानकारी भी दी।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**दुमका।**

मां भारती के सपूत व मां भवानी के उपासक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती के अवसर पर सिविल सोसायटी, पटेल सेवा संघ व भागवत राउत विचार मंच, दुमका के संयुक्त तत्वावधान में दिन बुधवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सरदार पटेल चौक पर उपरोक्त संगठनों के सचिव संदीप कुमार जय बमबम के नेतृत्व में सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, पटेल सेवा संघ के उपाध्यक्ष राजेश कुमार राउत, डॉ0 शंभू कुमार सिंह, अखिलेश झा, विनोद कुमार




राउत, विक्रम कुमार, भुवन सिंह, विकास सिंह, नंदकिशोर राउत, अजय कुमार, प्रिंस राज सिंह, मयंक राज, प्रत्युष मृणाल, संतोष कुमार गोस्वामी, शंभु कुमार रजक, राजेश राउत, मुन्ना, रवि कुमार, गोलू आदि ने शिवाजी महाराज के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपरोक्त में कुछ वक्ताओं ने शिवाजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी वीरगाथा से अवगत कराते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

# पीजी एडमिशन के लिए विवि की ओर से आज जारी किया जाएगा मेरिट लिस्ट

**दुमका।**

सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय आज (गुरुवार) जारी करेगा पीजी एडमिशन के लिए मेरिट लिस्ट। ज्ञात हो विश्वविद्यालय की ओर से 2 से 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला गया था। इस दौरान कुल 7, 248 छात्र-छात्राओं ने विवि अंतर्गत 5 कॉलेजों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है।

कई विषय ऐसे हैं, जिनमें उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है, जिसमें मुख्य रूप से भूगोल, हिंदी, इतिहास, संथाली, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, जूलॉजी आदि विषय शामिल हैं।

जिस विषय में उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, उसकी मेरिट लिस्ट बनेगी, बाकी जिन विषयों में उपलब्ध सीटों से कम छात्रों ने आवेदन किया है, उनमें सभी छात्र एडमिशन ले सकेंगे।

मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद 21 से 28 फरवरी तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा। यह प्रक्रिया छात्रों को उसी कॉलेज में करनी होगी, जिसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया है। विश्वविद्यालय परिसर के पीजी विभाग में एडमिशन लेने के इच्छुक छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन विश्वविद्यालय के पीजी ऑफिस और मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। इसके लिए कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू ने विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के सहायक प्रोफेसरों के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया।

दस्तावेज़ सत्यापन टीम में डॉ. अरिजीत, डॉ. अनिता हेम्ब्रम, डॉ. कमल शिवकांत हरि, डॉ. गणेश, कृष्णा कुमारी, डॉ. अमित मुर्मू, निर्मल मुर्मू, डॉ. हिमाद्री दत्ता, डॉ. सुनील यादव, डॉ. ज्ञान चंद एवं विभिन्न विभागों के जेआरएफ शोधकर्ता शामिल हैं।

सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ. पूनम हेम्ब्रम ने कहा कि मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है कोई भी छात्र सूची में अपना नाम देखकर गुरुवार से दस्तावेज सत्यापन करा सकता है एवमं एडमिशन ले सकतें है।

### किस पीजी सेंटर के आया है कितना आवेदनः

यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट्स दुमका-2 789, देवघर कॉलेज, देवघर- 1 997, साहेबगंज कॉलेज, साहेबगंज-1759, गोड्डा कॉलेज, गोड्डा-550 और सत्संग कॉलेज, देवघर-153 (केवल कॉमर्स) किस विषय के लिए कितना सीट है सेंसेन्डः हिंदी, इतिहास, भूगोल-200, संथाली, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान- 150, जूलॉजी और अंग्रेज़ी- 120, बॉटनी, केमेस्ट्री, गणित, भौतिकी, सोशियोलॉजी एवं कॉमर्स- 100,बंगाली, संस्कृत, उर्दू, मनोविज्ञान, दर्शन शास्त्र, संथाल कल्चर स्टडी, एमबीए और एमसीए-60। जिस कॉलेज में जिन जिन विषयों की पढ़ाई होती है, नामंकन के लिए समान संख्या में सीटें उपलब्ध हैं।

मेरिट में किस कैटेगिरी को मिलेगा कितना सीटःएससी - 10 प्रतिशत, एसटी-26 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग-8 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग- 6 प्रतिशत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-10 प्रतिशत व अनारक्षित-40 प्रतिशत।

### एसकेएमयू ने घोषित किया पीजी सेमेस्टर-3 समेत दो अन्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि

सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने बुधवार को कुल तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दिया, जिसमें पीजी सेमेस्टर-3 के साथ-साथ बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं भी शामिल हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बुधवार को उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

पीजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क के 25 फरवरी से 4 मार्च तक निर्धारित किया गया है, जबकि क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 5 से 7 मार्च और 8 से 10 मार्च तक निर्धारित किया गया है तथा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 11 से 12 मार्च निर्धारित की गई है। बीबीए बीसीए सेमेस्टर-4 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 22 फरवरी से 1 मार्च तक निर्धारित की गई है। छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर देख सकते हैं।

## चितरा कोलियरी प्रबंधन द्वारा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन, 350 लोगों ने लिया चिकित्सीय परामर्श






**चितरा ।** एस पी माइंस चितरा कोलियरी के स्टेडियम में श्रीजल फाउंडेशन द्वारा चितरा कोलियरी प्रबंधन के सीएसआर के तहत मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कई विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा 350 लोगों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से महिला एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ प्रियंका, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ निशा कुमारी, दंत चिकित्सक डॉ अमरेश कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ किशोर कुमार मंडल मौजूद थे। कैंप की शुरुआत में सर्वप्रथम श्रील फाउंडेशन देवघर के महिमा देवी, खुशबू देवी ,अंजली देवी, शिल्पी देवी ,राज वर्मा ,गीता वर्मा, पिंकी मुखर्जी, सदन गुप्ता, विजय सिंह, उत्तम दुबे द्वारा चितरा कोलियरी के महाप्रबंधक ए के आनंद को पुष्पगुच्छ और सॉल देकर सम्मानित किया । तत्पश्चात कोलियरी महाप्रबंधक ने आगंतुक सभी चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान सुबे के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता मेगा हेल्थ कैंप पहुंचे। जहां कोलियरी महाप्रबंधक ए के आनंद द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । वहीं अपने संबोधन में झारखंड के पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता ने कहा कि चितरा कोलियरी प्रबंधन के मेगा सोच का नतीजा है मेगा हेल्थ कैंप ।दुर दराज इलाके में इस तरह के स्वास्थ्य सेवा देना अच्छी बात है। स्वास्थ्य और शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में एसपी माइंस प्रबंधन अच्छा कर रही है ।वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में और विस्तार करने की आवश्यकता है। वही अपने संबोधन में चितरा कोलियरी के महाप्रबंधक ए के आनंद ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में दोबारा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन कराया है। हमारी सोच होती है दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र जहां चिकित्सा का कोई साधन उपलब्ध नहीं है । वहां इस तरह के चिकित्सीय शिविर का आयोजन कर आम लोगों को बेहतर चिकित्सा का लाभ दिया जाए। इस तरह के शिविर के आयोजन का एकमात्र उद्देश्य होता है कोई भी व्यक्ति मुफ्त में चिकित्सीय परामर्श लेकर गंभीर बीमारी से अपना बचाव कर सकता है । इस दौरान यूनियन प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद राणा, सुबोध महतो, योगेश राय, राजेश राय सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं मंच संचालन राजेश राय के द्वारा किया गया।

# झारखंड कुर्मी महासभा ने छत्रपति शिवाजी महाराज का अवतरण दिवस अनोखे अंदाज में धुमधाम से मनाया

- **दिव्यांग सपष्टि व अनाथालय आवासीय विद्यालय चुल्हिया में बच्चों के बीच किताब, कॉपी, कलम, फल एवं मिठाई का किया वितरण**
- **पर्यावरण संरक्षण को ले पौधा वितरण कर सभा की ओर से किया गया पौधरोपण**
- **छत्रपति शिवाजी महाराज जयन्ती महाराष्ट्र का एक त्योहार और सार्वजनिक अवकाश हैः डॉ राजीव रंजन**

**देवघर।**

देवघर। बुधवार को झारखंड कुर्मी महासभा की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज का अवतरण दिवस अनोखे अंदाज में धुमधाम से मनाया गया। साथ ही अवतरण दिवस के उपलक्ष्य पर झारखंड कुर्मी महासभा, देवघर शाखा की ओर से दिव्यांग सपष्टि एवं अनाथालय आवासीय विद्यालय चुल्हिया (मोहनपुर) में बच्चों के बीच किताब, कॉपी, कलम, फल एवं मिठाई का वितरण कर उन्हें अपने परिवार का एहसास कराया। इसके अलावा पर्यावरण को संरक्षित करने को लेकर पौधारोपण कर पौधा वितरण भी किया गया। मौके पर झारखंड कुर्मी महासभा महासचिव सह प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन सहित अन्य लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर डा राजीव रंजन ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज जयन्ती भारतीय राज्य महाराष्ट्र का एक त्योहार और सार्वजनिक अवकाश है। यह त्यौहार 19 फरवरी को शिवाजी महाराज की जयंती, मराठा साम्राज्य के पहले छत्रपति और संस्थापक के रूप में मनाया जाता है। छत्रपती शिवाजी महाराज ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों कि सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। उन्होंने समर-विद्या में अनेक नवाचार किए तथा छापामार युद्ध की नयी शैली (शिवसूत्र) विकसित की। उन्होंने प्राचीन हिन्दू राजनीतिक प्रथाओं तथा दरबारी शिष्टाचारों को पुनर्जीवित किया और मराठी एवं संस्कृत को राजकाज की भाषा बनाया। वे भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नायक के रूप में स्मरण किए जाने लगे। बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रीयता की भावना के विकास के लिए शिवाजीराजे जन्मोत्सव की शुरुआत की। मालोजीराजे भोसले (1552-1597) अहमदनगर सल्तनत के एक प्रभावशाली जनरल थे, पुणे चाकण और इंदापुर के देशमुख थे। मालोजीराजे के बेटे शहाजीराजे भी विजापुर सुल्तान के दरबार में बहुत प्रभावशाली राजनेता थे। शहाजी राजे अपने पत्नी जिजाबाई से शिवाजी का जन्म हुआ। उनका आरम्भिक जीवन शासनावधि 1674 झ्र1680 रहा, जबकि राज्याभिषेक 6 जून 1674 पूर्ववर्ती-शहाजीराजे उत्तरवर्ती-सम्भाजीराजे हुआ। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में और निधन 3 अप्रैल 1680 रायगढ़ में हुआ। छत्रपती शिवाजी महाराज ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों कि सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। उन्होंने समर-विद्या में अनेक नवाचार किए तथा छापामार युद्ध की नयी शैली (शिवसूत्र) विकसित की। उन्होंने प्राचीन हिन्दू राजनीतिक प्रथाओं तथा दरबारी शिष्टाचारों को पुनर्जीवित किया और मराठी एवं संस्कृत को राजकाज की भाषा बनाया। वे भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नायक के रूप में स्मरण किए जाने लगे। बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रीयता की भावना के विकास के लिए शिवाजीराजे जन्मोत्सव की शुरुआत की। मालोजीराजे भोसले (1552-1597) अहमदनगर सल्तनत के एक प्रभावशाली जनरल थे, पुणे चाकण और इंदापुर के देशमुख थे। मालोजीराजे के बेटे शहाजीराजे भी विजापुर सुल्तान के दरबार में बहुत प्रभावशाली राजनेता थे। शहाजी राजे अपने पत्नी जिजाबाई से शिवाजी का जन्म हुआ था। मौके पर महासचिव झारखंड कुर्मी महासभा डॉ राजीव रंजन, सचिव संजय कुमार राउत, कोषाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, पूर्व जोनल चेयरमैन सह पूर्व वार्ड पार्षद रवि कुमार राउत, राजीवकांत राउत, विक्रम कुमार राउत, सुमन यादव, राजू जयसवाल, सिकन्दर यादव, परमेश्वर राव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**श्रमबिंदु इचाक ।** इचाकः साहस और शौर्य के प्रतीक भारत के महान योद्धा छत्रपति शिवाजी के जयंती के शुभ अवसर पर रांची स्थित बूटी मोड़ में उनकी प्रतिमा पर स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश मेहता समेत मिथिलेश कुमार एवं रोहित कुमार ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की छत्रपति शिवाजी ने अपनी वीरता एवं कुशलता से विशाल मराठा साम्राज्य स्थापित करने का काम किया आज हम लोगों को उनके बताए हुए मार्ग पर चने की आवशयकता है। प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश मेहता ने कहा कि अपनी वीरता के कारण मुगल सल्तनत की नींव को जिस प्रकार हिलाने का काम किया वह काबिले तारीफ था और एक मजबूत मराठा साम्राज्य की स्थापना की उनके आदर्शों पर चलकर ही देश का विकास संभव है।



## सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने थाना में नव पद स्थापित आईपीएस से की औपचारिक भेंट



**श्रमबिंदु इचाक।** इचाकः थाना में नव पद स्थापित प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल से देश के केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता के नेतृत्व में समाजसेवी महेश प्रसाद मेहता अयोध्या प्रसाद मेहता मुंशी प्रसाद मेहता रंजीत रवानी अर्जुन प्रसाद मेहता आदि ने पुष्प गुच्छ सौंप कर औपचारिक भेंट की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने प्रशिक्षु आईपीएस का ध्यान थाना क्षेत्र की सबसे ज्वलंत समस्या जो वर्तमान समय में कम उम्र के बच्चों के द्वारा ब्राउन शुगर का प्रयोग करने से कई घर बर्बाद एवं कई परिवार उजड़ रहा है इस ओर आकर्षित किया साथ ही साथ श्री मेहता ने बाजार में जाम की समस्या से निजात दिलाने का भी आग्रह किया। इसके अलावे भी थाना क्षेत्र के अनेक समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया इस पर प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल ने कहा कि निश्चित तौर पर हमारी पहली प्राथमिकता तमाम जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के सहयोग से नशा के खिलाफ होगा मुहिम चलाई जाएगी इसके अलावे बाजार में जो नित्य दिन जाम हुआ करता है उस पर भी हमारे द्वारा पहल किया जाएगा साथ ही साथ थाना में अपनी समस्या को लेकर डायरेक्ट हमसे लाकर मिले हम जनता के हित में समस्या का समाधान करने का भरपूर प्रयास करूंगी।

## प्रखंड के भेलवारा पंचायत के कई गांव के जलमीनार ठप, बढ़ी पानी की समस्या

**श्रमबिंदु/विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत भेलवारा पंचायत के विभिन्न गांव में सौर ऊर्जा से संचालित जल-नल योजना के तहत निर्मित जलमीनार ठप होने की वजह से ग्रामीणों को पानी की समस्या से गुजरना पड़ रहा है। भेलवारा पंचायत के ग्राम केंदुआ, पसेरी, महुआटांड़, बेलाटांड़, पूर्णापानी, तिलैया, डुमरसोंगा, भूताही मुरगांव, गोल्गो एवं छोटकी भेलवारा जैसे सभी गांव में जलमीनार ठप हैं। बता दें कि ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि आने वाले गर्मी के मौसम को लेकर भी चिंतित हैं, जब ठंड में जलमीनार की इस स्थिति की वजह से जल की समस्या हो रही है तो आने वाले गर्मी में बिना जल के जीवन व्यापन कैसे हो पाएगा। जबकि सौर ऊर्जा से संचालित जलमीनार की समस्या पूरे प्रखंड क्षेत्र में शुरुआत से ही बनी हुई है, इसमें प्रखंड के तकरीबन सभी पंचायत शामिल हैं। कई बार खबर प्रकाशन के उपरांत भी विभाग के द्वारा दुरुस्त करने को लेकर कोई खास पहल नहीं की गई। जल-नल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रहा है। भेलवारा पंचायत के उक्त सभी ग्राम में जलमीनार के निरीक्षण करने के दौरान भेलवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, रोजगार सेवक सेझलू हंसदा, सुरेश हंसदा, साहेब राम इत्यादि उपस्थित रहे।



## बाइक व स्कॉर्पियो की टक्कर में 6 की मौत



**गिरीडीह।** डुमरी अनुमंडल में चैनपुर लट्टकट्टो में 18 फरवरी की रात 12 बजे हुए भीषण हादसे में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई।यहां बाइक और स्कॉर्पियो जे एच 10 सी यू 7363 के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। मरने वालों में से 4 लोग स्कॉर्पियो पर सवार थे और बाकी लोग बाइक पर सवार थे।sdpo ने जानकारी बुधवार की अपराह्न करीब 4 बजे दी।
बताया जाता है कि मध्य रात्रि स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशा से आ रही थी। इसी दौरान लाइट से स्कॉर्पियो चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने पहले बाइक सवार को धक्का मार दिया फिर पेड़ से जा टकराई।
घटना की सूचना डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार को मिली। सूचना पर मधुबन थाना की पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत करके वाहन से शव को बाहर निकाला। इस बाबत एसडीपीओ सुमित कुमार ने बताया है कि छह लोगों की जान चली गई है। मरने वालों में चार स्कॉर्पियो पर सवार थे तो दो बाइक पर।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत दरियापुर निवासी रहने वाले सोमेश चंद्रा ,गोपाल कुमार , अनीशबिहार गुलाब कुमार और फूलचंद महतो के रूप में की गई।वहीं, बाइक पर सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी बबलू कुमार टुडू, तथा मधुबन थाने के ही धावाटांड निवासी हुसैनी मियां के तौर पर हुई।

# बड़कागांव के मिर्जापुर पुल पर मंडरा रहा खतरा पिलर टूटने से दो स्पेन दबा

### जल्द रिपेयरिंग नहीं की गई तो करोड़ों का पुल ध्वस्त हो सकता है



**बड़कागांव।**

हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के कांडतरी पंचायत अंतर्गत मिर्जापुर कांडतरी के बीच डुमारो नदी पर बना पुल पर खतरा मंडरा रहा है।कभी भी अनहोनी घटना की आशंका बनी हुई है। एक पाया क्षतिग्रस्त होकर टूट जाने के कारण दो स्पेन झुक गया है।पुल अंदर ही अंदर खोखला हो गया है।ऐसे में करोड़ों की लागत से निर्मित पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है।यह पुल क्षेत्र का लाभ लाइन माना जाता है।पुल क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों को हादसे का भय सता रहा है।इधर पुल के ऊपर वाहनों का आगमन जारी है।ऐसे में कभी भी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की ओर से अब तक मरम्मती की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है।ऐसे में यदि यह पुल टूट जाता है तो कई गांव पंचायत एवं प्रखंड मुख्यालय से कट जाएगा।बता दे कि उक्त पुल का निर्माण लगभग 15 वर्ष पूर्व कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जैसे तैसे पुल का निर्माण कर दिया गया था। और अब जाकर पुल की गुणवत्ता की पोल खुल गई है।इससे पूर्व की करोड़ों की लागत से बना हुआ पुल ध्वस्त हो जाए और आवागमन बाधित हो जाए उससे पहले प्रशासन चाहे तो जांच कर इंजीनियर की मदद से पुल को पुरी तरह टूटने से बचाया जा सकता है।

- **पुल टूट जाने से निम्न गांव का आवागमन होगा बाधित**

जहां एक ओर ग्राम मिर्जापुर , सोनपुरा , महुदी , सतबहैया , कुंदरु , चेलंदाग , अम्बा टोला , देवगढ़ झिकझोर आदी दर्जनों गांव के लोग सीधे प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव इसी पुल से होकर जाते हैं।वहीं इसी पुल से ग्राम सिरमा , छवनिया , खैरातरी , कांडतरी , के लोग सीधे राधारानी रांची या हेंदेगिर रेलवे स्टेशन जाते हैं।पुल की जांच कर उचित कार्य करने की मांग मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी , प्रमुख फुलवा देवी , उप प्रमुख वचन देव कुमार , कांडतरी पंचायत प्रभारी मुखिया राजदेव महतो , पंसस रंजीत चौबे , पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद , पूर्व पंसस टिकी देवी , कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे , समाज सेवी भवानी प्रसाद दांगी, प्रवीण कुमार , शमशेर आलम , खेमलाल राम , मो. इमरान सुरेंद्र महतो , भोला प्रसाद दांगी , राजनाथ कुमार , मोहित कुमार , मो. यूनुस , सीताराम राणा , आजाद आलम मोहम्मद इसराइल अहमद रजा , मो. इलियास, रामवृक्ष राम, फूलचंद राम , गुलेश्वर कुमार , कामेश्वर महतो , लक्ष्मण ठाकुर , मुनेश्वर राणा , रविकांत महतो , त्रिभुवन महतो , प्रेम कुमार राणा , रिजवान अंसारी , तनवीर आलम सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने मांग किया है।

## 14 वां शतचंडी महायज्ञ महोत्सव को लेकर की गई बैठक

### 4 मार्च को निकाली जाएंगी भव्य कलश यात्रा



**प्रतिनिधि बरही।**

बरही बरही के धनबाद रोड स्थित परम आस्था के प्रतीक व प्राचीन मां भगवती मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 वां श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ महोत्सव मनाने को लेकर बैठक की गई, जिनमें कई सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह यज्ञ समिति के संरक्षक रमेश ठाकुर व अन्य प्रबुद्ध लोगों ने अपना विचार दिए। जिसके बाद यज्ञ समिति का गठन किया गया, जिसमें 28 लोगों को मुख्य रूप से यज्ञ समिति में शामिल किया गया। मौके पर निर्णय लिया गया कि महायज्ञ की शुरुवात आगामी 4 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ होंगी। वही मुख्य संरक्षक विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, भुनेश्वर साव को बनाया गया। वही यज्ञ समिति का अध्यक्ष विपिन सिन्हा को बनाया गया। इसके साथ ही सचिव बलराम केशरी, महासचिव भगवान केशरी और कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर को बनाया गया। वहीं 21 लोगों उपाध्यक्ष बनाया गया। जिनमें राजकुमार यादव, प्रमोद सिंह, शिवा निषाद, सिक्की यादव, मेवालाल केशरी, मनोज उपाध्याय, संतोष निषाद, पंकज वर्णवाल, किशोरी सिंह, अमित सोनी, आकाश जायसवाल, गुरुदेव गुप्ता, वीरेंद्र कुमार रवि, अनुज रविदास अभिषेक निषाद अमित रविदास, अजीत रविदास, छोटू सिंह, जयप्रकाश केशरी, संजय केशरी, युगल यादव, अशोक यादव आदि शामिल है।

## बड़कागांव प्रखंड के 5 लोग बने रेवेन्यू इंस्पेक्टर लोगों ने दी बधाई



**बड़कागांव ।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची में 289 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के मध्य पंचायत निवासी संदीप सोनी( पिता सरोज सोनी), सांढ गांव निवासी प्रमोद कुमार दांगी (पिता दिनेश्वर दांगी), सकरी गांव निवासी दीपक कुमार सोनी ( पिता स्वर्गीय प्रभु सोनी), सिंदुवारी गांव निवासी बिट्टू कुमार (पिता देवनंदन राणा), एवं चमगढ़ा गांव निवासी त्रिभुवन कुमार ( पिता रामेश्वर कुमार) को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों रेवेन्यू इंस्पेक्टर (राजस्व निरीक्षक) नगर विकास एवं आवास विभाग का नियुक्ति पत्र दिया गया। कामयाबी पर कई प्रबुद्ध जनों एवं शिक्षाविदों ने अभ्यर्थियों को बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद,जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष उमेश दांगी, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस,भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,सेविका अनिता कुशवाहा,पूनम देवी,मंजू देवी,अंजू देवी,बिना सिंह,प्रीति कुमारी, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया गणेश साव, तकरीमुल्लाह खान,पूजा पुरी, लीलावती कुमारी, प्रभु महतो, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन, समाजसेवी बिंदु दांगी, अनिल कुमार, सरिता देवी,पूर्णिमा कुमारी,यशोदा शर्मा,ज्योति कुमारी,रौनक कुमार सहित सैकड़ो लोगों ने बधाई दिया।

## ग्रामीणों ने आपत्ति जताया तथा ट्रांसमिशन लाइन को ग्राम सरबाहा से पांच किलोमीटर दूर से डायवर्ड करने का प्रस्ताव पारित



**चरही ।**

चुरचू प्रखण्ड के चरही पंचायत अंतर्गत ग्राम सरबाहा मध्य विधालय में अपर समाहर्ता हजारीबाग एवं चुरचू अंचलाधिकारी के आदेशानुसार झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड पतरातू -कोडरमा ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण हेतु वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया . जिसकी अध्यक्षता चरही मुखिया संझली मुर्मु ने किया . ग्राम सभा मे प्रस्तावित हुआ कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होकर ट्रांसमिशन गुजरने से खेती बारी ,घर मवेशी सरना स्थल जान माल की सुरक्षा एवं सभी प्रकार के खतरों को देखते हुए ग्राम सभा मे सभी ग्रामीणों ने आपत्ति जताया तथा ट्रांसमिशन लाइन को ग्राम सरबाहा से पांच किलोमीटर दूर से डायवर्ड किया जाये ग्राम सभा मे यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि ट्रांसमिशन लाइन बसाडीह रेलवे स्टेशन होते हुए रेलवे लाइन के दक्षिणी पश्चिमी होते हुए बरतपिछरवा वाटर फॉल के पश्चिमी दिशा से सीधे हथियारी मोड़ होते हुए चिचिकला लाइन को जोड़ा जाए। ग्राम सभा मे वन अधिकार समिति के अध्यक्ष महालाल हंसदा ,सचिव नीलकंठ महतो , चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन , पंसस निरजंन महतो ,वार्ड सदस्य प्रकाश टुडू,अनूप तिग्गा ,सुरेश हांसदा, शिवनारायण हंसदा ,पैरों टुडु ,सोहरी बेसरा ,बिशुन मुर्मु,गोपाल महतो ,मंजू मुर्मु ,परमेश्वर महतो ,जगदीश महतो ,गोपाल महतो सहित कई लोग मौजूद थे

आज सुबह सुबह गुड्डीटाण्ड गाँव के पास एक चोरी का मारुती डिजार्य बिना नंबर की गाडी पुलिस के सक्रियता से पकड़ा गया ।बता दे की ये गाडी कुछ अज्ञात चोरो के द्वारा बंगाल से चोरी कर झारखंड की सीमा मे प्रवेश कर भागने के फिराक मे थे ।जिसे गाडी मालिक ने तत्काल इसकी सूचना बंगाल के स्थानीय पुलिस को दी ।साथ ही बंगाल पुलिस ने गाडी मे लगे जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम की मदद से गाडी का पिछा किया जो बगोदर से सरिया रोड मे चोरो द्वारा गाडी को ले जाया जा रहा था ।साथ ही बंगाल पुलिस ने सरिया थाना को सूचित कर गाडी का व्योरा देकर मदद मांगी । बंगाल पुलिस व सरिया पुलिस के द्वारा जब गाडी का पिछा किया गया तो चोरो द्वारा गाडी को गुड्डितांड गाँव के समीप छोड़ कर फरार हो गया। फिलहाल गाडी पुलिस के कब्जे मे है।

## प्रखंड स्तरीय बैंकिंग कमिटी की हुई बैठक, कई महत्पूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा



**प्रतिनिधि बरही।**

:बुधवार को अग्रणी जिला प्रबंधक हजारीबाग व प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक किया। बैठक में सभी बैंक के शाखा प्रबंधक, संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कृषक मित्र आदि उपस्थित रहे। मौके पर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बीडीओ ने बताया गया की अभी मईया सम्मान योजना मे तीस हजार, वृद्धा पेंशन अंतर्गत पंद्रह हजार लाभुकों का भुगतान डीबीटी से हो रहा है, जिसमे लभूको के भुगतान मे काफी समास्या का सामना करना पर रहा है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी शाखा प्रबंधक को मार्च के प्रथम स्प्ताह में प्रखंड मे कैंप लगाकर ईकेवाईसी करने की बात कही गई। जिसपर सभी ने सहमति दी। वही बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड मे 1 लाख तक कोई एलपीसी नही लगेगा, साथ ही अगर किसान प्रति वर्ष पैसा का लेन देन एक बार भी करता है, उस परिस्थिति मे ब्याज़ दर एक भी पैसा नही देना होगा। शाखा प्रबंधक दवारा कृषक मित्र को पहचान हेतु आईडी कार्ड निर्गत की बात कही गई, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सहमति देते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक को निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस को बीडीओ ने निर्देशित किया की अभियान चलाकर सभी ग्राम मे एक एक लाभुकों को पशुपालन के लिए ऋष्टा बैंक के सहयोग से करवाना सुनिश्चित करे। वहीं सुरक्षा बीमा एवम जीवन ज्योति योजना का लाभ दिलाने की बात कही गई।

आज भाकपा माले के दिवंगत साथी राजेन्द्र राम गुप्ता जी का पुण्य तिथि थी जिन्होंने IPF की स्थापना से लेकर भाकपा माले की स्थापना में अपनी अहम भूमिका निभाई थी और दबे कुचलों तथा समाज के सभी तबकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लोगों को पार्टी के लिए एकजुट किया था । दुर्भाग्यवश कॉमरेड राजेन्द्र राम गुप्ता जी का निधन 19 फरवरी 2014 ई को हो गई थी । आज उनकी याद में पार्टी की ओर से स्मृति दिवस रूप में मनाया गया और उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई मौके पर बिरनी प्रमुख सह माले के वरिष्ठ नेता रामु बैठा, राजेश विश्वकर्मा, टेकनारायण सिंह, सीताराम पासवान,पड़रिया मुखिया विजय दास, नथन साव, केदार साव, बिजय बैठा, अर्जुन साव, राजकिशोर बैठा, प्रयाग ठाकुर, संतोष दास, चंदन माथुर, महेंद्र राम, जितेंद्र विश्वकर्मा, दयानंद विश्वकर्मा, मिथलेश साव, जागेश्वर साव, आदि शामिल रहे ।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर की गई बैठक, 88 लाभुकों का किया गया चयन

**प्रतिनिधि बरही।**

बरही : बुधवार को प्रखंड सभागार बरही में वित्तीय वर्ष 2024 -25 के अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनोज रजक ने किया। बैठक में जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, प्रखंड पशुपालन प्राधिकारी अमन कुमार आदि उपस्थित हुए। मौके पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में एकत्रित आवेदनों में से योग्य लाभुकों का चयन के किया गया। जिसमें बकरा विकास योजना के तहत 60, सुकर योजना के तहत 5, लेयर कुक्कुट योजना के तहत 4, ब्रॉयलर योजना के तहत 15 और दो गाय, पांच गाय, 10 गाय योजना के तहत कुल 88 लाभकों का चयन किया गया।



# प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना पर उठ रहे सवाल

**श्रमबिंदु संवाददाता केरेडारी।**

केरेडारी से बुंडू पाताल तक निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क की गुणवत्ता पर ग्रामीणों और राहगीरों द्वारा गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने स्वयं सड़क का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों और राहगीरों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने सड़क निर्माण कार्यस्थल का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे मैटेरियल की गुणवत्ता बेहद खराब है। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर सड़क पर पिच डाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर वह तुरंत उखड़ भी रही है, जो स्पष्ट रूप से निर्माण में हो रही लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों और राहगीरों की शिकायतों को लेकर जब संवेदक पूजा इंटरप्राइजेज से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य की नियमित रूप से जांच की जा रही है। संवेदक का कहना है कि संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर और कार्यपालक अभियंता प्रतिदिन निरीक्षण कर रहे हैं और कोई भी बड़ी अनियमितता नहीं पाई गई है। प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने आगे बताया कि जब उन्होंने निर्माण कार्य कर रही एजेंसी से स्टीमेट अनुमानित लागत और निर्माण सामग्री की सूची मांगा, तो उसे देने से इनकार कर दिया गया। इससे ग्रामीणों के संदेह और बढ़ गए हैं कि निर्माण कार्य में अनियमितताएं हो रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण में उपयोग हो रही सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य इसी तरह चलता रहा तो यह सड़क कुछ ही महीनों में खराब हो जाएगी, जिससे सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। ग्रामीणों और प्रखंड प्रमुख की ओर से इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है, ताकि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके और सड़क की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।



न्यूज़ अपडेट

## एसजीएसवाई सभागार में मुखिया सम्मेलन संपन्न।



**संवाददाता/जामताड़ा।** एसजीएसवाई सभागार, जामताड़ा में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत एकदिवसीय मुखिया सम्मेलन आयोजित हुआ। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। उपायुक्त ने पंचायतों को शिक्षा सशक्तिकरण में भूमिका निभाने पर जोर दिया और मुखियाओं से विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुदृढ़ बनाने की अपील की। उन्होंने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करने, शौचालय एवं चहारदीवारी निर्माण और पौधारोपण कराने पर बल दिया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि ने अभिभावकों को बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु प्रेरित करने को कहा। कार्यक्रम में शिक्षक दुर्गेश कुमार दुबे द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं संचालन शिक्षक विद्या सागर ने किया।

सम्मेलन में जनप्रतिनिधि, मुखिया एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न।



**संवाददाता/जामताड़ा ।** जामताड़ाः उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान, ओवर स्पीडिंग रोकथाम, नो हेलमेट-नो पेट्रोल का सख्ती से अनुपालन, हिट एंड रन मामलों का शीघ्र निष्पादन, अनफिट वाहनों पर कार्रवाई सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने नारायणपुर क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए नियमित वाहन जांच और पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि अब तक 2271 वाहनों की जांच में 337 वाहनों से 15.09 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है। उपायुक्त ने जांच अभियान को तेज करने और नियम उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ईसीएल चितरा से रेलवे साइडिंग तक अनफिट डंपरों द्वारा कोयला ढुलाई पर रोक लगाने और आवश्यक फिटनेस जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अवैध बंपर हटाने, सड़क किनारे साइनेज व रंबल स्ट्रिप लगाने तथा सड़क दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारिब, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला परिवहन एवं खनन पदाधिकारी, ईसीएल चितरा के अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त कुमुद सहाय ने किया जिला अभिलेखागार का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**संवाददाता/जामताड़ा ।** 18 फरवरी 2025ः उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय ने अनुमंडल कार्यालय स्थित जिला अभिलेखागार का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के उचित रखरखाव और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रिकॉर्ड रूम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंप्यूटर व विद्युत उपकरणों को अलग कमरे में स्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने अभिलेखों की नियमित साफ-सफाई, अग्निशमन यंत्रों की वैधता जांचने, रैकों की संख्या बढ़ाने और बैठने की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि अभिलेखागार में बिना अनुमति बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी अविश्वर मुर्मू सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

# जामताड़ा में भव्य कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ









संवाददाता।

**संवाददाता/जामताड़ा ।** जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री राम कथा आयोजन समिति द्वारा दस दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव की शुरुआत बुधवार को विशाल कलश यात्रा के साथ की गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

- **शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब**

कलश यात्रा में समाजसेवी तरुण गुप्ता मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। इस दौरान लगभग 10 फीट ऊंची श्रीराम भगवान की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमा यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही, जो श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर रही थी। अंकित जी महाराज रथ पर सवार होकर कथा यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे, जबकि श्रीमद् भागवत सिर पर धारण किए श्रद्धालु, हजारों महिलाएं सिर पर कलश लिए यात्रा में सम्मिलित हुईं।

भक्तों का जनसैलाब डीजे, गाजे-बाजे, आकर्षक झांकियों और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों के साथ शोभायात्रा में झूमता नजर आया। पूरा जामताड़ा बाजार भक्ति-भाव में डूब गया और शहर का माहौल भक्तिमय हो उठा।

- **नगर भ्रमण के बाद गांधी मैदान में समापन**

यह कलश यात्रा जामताड़ा यज्ञ मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, टावर चौक, सुभाष चौक होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची और फिर गांधी मैदान में इसका विधिवत समापन किया गया।

- **28 फरवरी तक चलेगा श्री राम कथा महोत्सव**

श्री राम कथा का यह नौ दिवसीय आयोजन 28 फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक संतों द्वारा श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पूरे जिले में उत्साह और हर्ष का माहौल है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर धर्म और आस्था के इस पर्व को यादगार बना रहे हैं।

# उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता।



**संवाददाता/जामताड़ा ।** जामताड़ाः उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंडल कारा के नए जेल निर्माण स्थल पाथरचपड़ा में जलापूर्ति हेतु प्राक्कलन, कारा की सुरक्षा, कैदियों को मूलभूत सुविधाएं, मुलाकात व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, ड्रैगन लाइट, जैमर, टेलीफोन बूथ, वॉकी-टॉकी, सायरन, जालीनुमा बैरिकेडिंग, इलेक्ट्रिक फेंसिंग तथा रिक्त पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति जैसे विषयों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने पिछले निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नए जेल निर्माण स्थल पर जलापूर्ति के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से प्राक्कलन उपलब्ध कराने तथा संसीमित बीमार बंदियों के इलाज हेतु सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में सिविल कार्य कराने के निर्देश दिए।

महिला बंदियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई, कटाई, बुनाई एवं कढ़ाई के प्रशिक्षण हेतु एक महिला प्रशिक्षक की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी सुरक्षा उपकरणों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने तथा आने-जाने वालों की सघन तलाशी और मुलाकाती द्वारा भेजी जाने वाली सामग्री की कड़ी जांच के बाद ही स्वीकृति देने के निर्देश दिए। साथ ही जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।बैठक में पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब, सिविल सर्जन डॉ. आनंद मोहन सोरेन, प्रभारी कारा अधीक्षक विजय कुमार, प्रभारी कारापाल ललन कुमार भारती, मेजर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**जामताड़ा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में अवैध खनन, खनिज परिवहन और व्यापार की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने अवैध कोयला व बालू खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धारित खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर खनन नहीं होना चाहिए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस, अनुमंडल पदाधिकारी, परिवहन और खनन विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 57 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसमें 39 वाहन जब्त, 6.75 लाख रुपये जुर्माना (बालू), 23 मामले (पत्थर), 11.97 लाख रुपये वसूली, 16 मामले (कोयला) में 18 वाहन जब्त और 16 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारिब ने निर्देश दिया कि कोयला परिवहन में तिरपाल अनिवार्य हो, ओवरलोडिंग न हो और वाहन नंबर स्पष्ट प्रदर्शित किए जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन व खनन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जामताड़ाः जर्जर बिजली का खंभा बना हादसे को न्योता, विभाग की लापरवाही से बढ़ा खतरा

संवाददाता।

**संवाददाता/जामताड़ा ।** जामताड़ाः जिले के सीएमसी जेबीसी विद्यालय मुख्य गेट के समीप एक बिजली का खंभा जर्जर होकर टूट चुका है, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते अब तक इसे बदला नहीं गया है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों द्वारा कई बार विभाग को सूचना देने के बावजूद न तो वैकल्पिक व्यवस्था की गई है और न ही नया खंभा लगाया गया है।

» मुख्य बाजार के रास्ते पर लटका है खतरनाक खंभा

यह जर्जर खंभा टावर चौक के आगे मुख्य बाजार जाने वाले रास्ते पर स्थित है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि खंभा तारों के सहारे झूल रहा है, जो किसी भी समय गिरकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।



» कई बार दी सूचना, फिर भी नहीं जागा विभाग

आसपास के दुकानदारों का कहना है कि बिजली विभाग को कई बार इसकी सूचना दी गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में इस बात को लेकर रोष है कि विभाग को चेतावनी देने के बावजूद अधिकारियों की लापरवाही जारी है।

» हादसा हुआ तो कौन होगा जिम्मेदार?

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई हादसा होता है, तो उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह बिजली विभाग की होगी। लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

अगर समय रहते इस खतरनाक खंभे को नहीं हटाया गया, तो किसी दिन यह बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता है। अब देखना होगा कि विभाग कब तक जागता है और लोगों को इस खतरे से कब राहत मिलती है।

## बालियापतरा ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का पंचम दिन में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- **भक्तिमय माहौल से गूंज उठा बलियापतरा**

पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड अंतर्गत बालियापतरा ग्राम में 13 फरवरी से 19 फरवरी तक दो दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का पंचम दिन की कथा में श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखी गई कथावाचक संतोष बाबा और म्यूजिक डायरेक्टर वेद प्रकाश मिश्रा जी है जो बहुत ही अच्छा श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण जी के लीलाओं का वर्णन का करते हैं करते हैं तथा बहुत ही अच्छा मधुर मधुर भजन गाते है कथा दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया जाता है अतः महेशपुर प्रखंड के श्रीमद् भागवत कथा प्रेमियों से अनुरोध है कि इस भागवत कथा का लाभ जरूर उठाएं और अपने जीवन में विस्तारित करने का प्रयास करें श्रीमद् भागवत कथा। प्रतिदिन संध्या 6 बजे से 10 बजे तक किया जाता है तथा कथा प्रेमियों के लिए प्रतिदिन महा प्रसाद का भी व्यवस्था कमेटी की ओर से किया जाता है और इस श्रीमद् भागवत कथा को सफल बनाने में बलिया पतरा के नवयुवक सकल ग्राम वासियों एवं यजमान के कल्याण हेतु इस पावन कथा के आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मौके पर वेद प्रकाश मिश्रा धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ (लंबू)दिवाकर पाल मनोज पाल धनंजय सहा बबलू पाल भीम कुमार दीपक शाह बादल पाल प्रशांत मिश्रा दिलीप शाह हड़बड़ सिंह मुन्ना सिंह महेंद्र शाह उर्फ चमरू राकेश चौबे सत्यनारायण सिंह सत्यनारायण यादव मुरली सिंह अधीर माल फूपन पाल दिलीप पाल लक्ष्मण शाह अनिल शाह आदि इन लोगों श्रीमद् भागवत कथा को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य समय को निकाल कर बढ़ चढ़कर योगदान दिया



# नारायणपुर प्रखंड के बड़बाहल घाटी गांव में भक्तिमय वातावरण, श्रद्धालुओं ने किया यज्ञ मंडप की परिक्रमा

संवाददाता।

**संवाददाता/जामताड़ा ।** नारायणपुरः नारायणपुर प्रखंड के बड़बाहल घाटी गांव में आयोजित भव्य यज्ञ अनुष्ठान में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा, जहां यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन में लीन नजर आए।

यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष आनंद मोहन तिवारी, सचिव मुरारी रवानी, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष अकलू रवानी सहित अन्य प्रमुख सदस्य अशोक ओझा, सत्यनारायण तिवारी, देवनारायण तिवारी, गौतम ओझा, मनमोहन तिवारी, वरुण रवानी, मुकेश तिवारी, चंदन तिवारी आदि ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन में भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे एक दिव्य और ऐतिहासिक आयोजन बताते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और सद्भावना बढ़ती है।

पूरे आयोजन के दौरान यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। समिति के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज में अध्यात्म और संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता रहे।

# भूमि अधिग्रहण को लेकर अंचल क्षेत्र के नो मौजा में होगी ग्रामसभा

## विक्रमपुर से महारो तक करोड़ो लागत से निर्माण होगी सड़क चौड़ीकरण का कार्य

संवददाता।

हिरणपुर(पाकुड़)ः भूमि अधिग्रहण को लेकर हिरणपुर अंचल क्षेत्र के नो मौजा पर ग्राम सभा आयोजित होगी। जिससे कि विक्रमपुर से महारो तक की सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य को लेकर भूमि की अधिग्रहण किया जा सके। बताते चले कि 29 जनवरी को अखबार पर बिना मुआवजा दिए करा दिया सड़क का निर्माण शीर्षक पर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। विक्रमपुर से महारो तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य करीब 35 करोड़ की लागत से पीडब्लूडी (आरसीडी) विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इसमे बेलडीहा मौजा अंतर्गत रैयतों को जानकारी दिए बिना ही जमीन को खोदकर सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था। इसको लेकर आक्रोशित दर्जनों रैयतों ने जमीन की मुआवजा राशि की मांग को लेकर निर्माण स्थल पर चुड़का गाड़कर कार्य को बंद कराया था। तब से निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। इसको लेकर भूअर्जन पदाधिकारी पाकुड़ ने 15 फरवरी को विक्रमपुर से महारो भाया कालीदासपुर , सिउलीडांगा पथ का चौड़ीकरण परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण का निर्देश दिया गया था। इसी के आलोक में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्रामसभा की तिथि सुनिश्चित की गई है। जिसमे 21 फरवरी को मानसिंहपुर मौजा , 23 फरवरी महारो , 25 फरवरीतालपहाड़ी , 28 फरवरी गणेशपुर , तीन मार्च सिउलीडांगा , छह को मार्च बेलडीहा , 10 मार्च प्रतापपुर , 12 मार्च नारगंज व 15 मार्च को तारजोला में ग्रामसभा आयोजित होगी। अंचलाधिकारी ने बताया कि सम्बन्धित मौजा में अंचल कर्मियों की उपस्थिति में ग्रामसभा होगी। जिसमें सम्बन्धित जमीनों की जमाबन्दी , मौजा में अर्जित दावों की स्थिति , रैयतों की वंशावली आदि संग्रह किया जाएगा। जिससे कि भूमि की अधिग्रहण किया जा सके।




स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com